51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.0°c अधिकतम 32.2 °c

अमृवाणी
अपने रास्ते खुद चुनिए क्योंकि आपको आपसे बेहतर और कोई नहीं जान सकता।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:33, सूर्यास्त : 6:58 | वर्ष : 51/ अंक : 124 | शनिवार, 06 मई 2023 | ज्येष्ठ, प्रतिपदा कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...
भाजपा में बेईमानी और झूठ बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है : शिव पाल यादव



और किसी पार्टी में ट्रेनिंग देने की जरूरत ही नहीं पड़ती?......

# शहर हुआ फेल तो गांवों में होगा खेल?

- जातीय आंकड़ों में उलझे हुए हैं अभी भी सियासी पंडित
- गांवों से आए वोटिंग ट्रेंड बता रहे हैं कुछ अलग ही कहानी

**मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)।** जिले में निकाय चुनावों का मतदान संपन्न होने के बाद अब तेरह मई को वोटों की गिनती होने तक प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर तमाम अटकलों के बाजार के बीच आज इस बात को लेकर चकल्लस का दौर चला कि पलड़ा किसके पक्ष में भारी है। ऐसे में मुख्य मुकाबले के दोनों उम्मीदवारों मीनाक्षी स्वरूप और लवली के समर्थकों के पास आज समर्थक तमाम तरह के आंकड़े पेश करते नजर आए। इसमें अपनी जीत के दावों का गणित भिड़ाते समर्थकों में नतीजों के फंसे होने के कारण अनजाना भय भी दिखाई दिया। इससे साफ है कि नतीजे मतपेटी से बाहर निकलने तक सबकी धुकधुकी बढ़ी रहेगी। फिलहाल यह माना जा रहा है कि शहर में आंकड़े फेल होने के बाद पालिका से जुड़े गांव के मतदाता नतीजों में काफी बड़ा खेल कर सकते हैं।

मतदान संपन्न होने के बाद आज तूफान के बाद का सन्नाटा नजर आया। हालांकि ठहरे पानी के भीतर कौन सा चक्रवात छिपा है, इसे लेकर चुनावी मौसम के विशेषज्ञ भी कोई पूर्वानुमान लगाने में उलझे हुए हैं। आज शहर में गली मुहल्लों और चौराहों पर एक ही चर्चा का विषय रहा। बूथों के आंकड़े आने के बाद चुनावी पंडित जोड घटा में जुटे तो रहे, लेकिन विभिन्न स्थानों से राजनीतिक दलों के समर्थकों द्वारा वोटिंग ट्रेंड को लेकर दी जा रही सूचनाएं जवाब को साफ करने के बजाय और उलझाती नजर आई। इस बात पर तमाम निष्पक्ष गणितज्ञ एक मत नजर आए कि मामला इस बार इतना उलझा हुआ है कि नतीजों का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। कुछ वोटर को लेकर तो साफ अनुमान लगाया जा पा रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे वोट ब्लॉक हैं, जिन्हें लेकर कोई स्पष्ट आंकलन ना होने के कारण जीत हार के अनुमान अटक जाते हैं। बूथ वार आंकड़े इस बात को तो साफ करते हैं कि हिंदू बहुल और मुस्लिम बहुल इलाकों में कुछ जगहों को छोड़ दिया जाए तो समान रूप से उत्साहहीनता थी। जिन इलाकों में मत प्रतिशत बेहतर रहा है, वहां भी चेयरमैन पद के प्रत्याशी के बजाय स्थानीय वार्ड प्रत्याशियों ने वोटर को बूथ तक पहुंचाने में कामयाबी हासिल की। ऐसे में कई स्थानों पर राजनीतिक दलों के वार्ड भी चर्चा हैं, जहां प्रत्याशियों द्वारा स्थानीय जातीय आधार को देखते हुए नीचे अपने और ऊपर दूसरे प्रत्याशी के लिए वकालत की। ऐसे भी वार्ड हैं जहां एक से अधिक वार्ड उम्मीदवार आपस में तो लड़ रहे थे, लेकिन चेयरमैन पद पर एक ही प्रत्याशी की वकालत करते नजर आए। ऐसे में कई वार्डों में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों से लोहा ले रहे निर्दलीय उम्मीदवार यह भी बातें फैलाते दिखे कि जीते तो वह रहेंगे तो भाजपा के ही पक्ष में। शहर के तमाम मुहल्लों के बाद आज शहर पालिका से जुड़े ग्रामीण अंचल से जो रिपोर्ट आईं, उन्हें लेकर भी तमाम तरह के दावे समर्थक करते दिखाई दिए। यह बात तो साफ है कि आमने सामने की टक्कर और कम अंतर से हार जीत के अनुमान वाले इस चुनाव में एक-एक वोट बेशकीमती हो गया है। ऐसे में किसी प्रत्याशी की जीत चाह रहे ऐसे लोग खुद कोस रहे होंगे कि वे वोट डालने क्यों नहीं गए? ग्रामीण अंचल से जो सूचनाएं मिल रही हैं, उनमें कई गांवों में वार्ड मेंबरों ने प्रधानी की तर्ज पर चुनाव लड़ा। इसके चलते इन इलाकों में कुछ बूथों पर साठ और सत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। कुछ जगह अंतिम समय पर ठप्पे बाजी भी चली।

शेष खबर - पृष्ठ-4 पर

# जीतेंगे भाई जीतेंगे, हम तो जरूर जीतेंगे

**मुजफ्फरनगर पालिका अध्यक्ष पद पर जीत को लेकर आत्मविश्वास से भरे हैं भाजपा और गठबंधन उम्मीदवार**

- भाजपा नेता गौरव स्वरूप बोले, 5 से 7 हजार के बीच होगी मीनाक्षी स्वरूप की जीत
- सपा नेता राकेश शर्मा का दावा-हर इलाके से मत पाकर बड़ी जीत पायेगी लवली शर्मा
- उम्मीदवारों ने रात में थकान उतारकर परिवार के साथ बिताया समय
- बूथवार आंकड़ों के गुणा-भाग में जुटे रहे मुख्य प्रत्याशियों के समर्थक

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। नगर पालिका परिषद् चुनाव के मतदान के अगले दिन आज शुक्रवार को भाजपा और सपा रालोद गठबंधन उम्मीदवार अपनी अपनी जीत को लेकर आत्मविश्वास से भरे नजर आये। गुरूवार को हुए मतदान के दौरान शहर चेयरमैनी की चुनावी जंग में सियासी लड़ाई इन्हीं दो मुख्य प्रत्याशियों के बीच सिमटी नजर आई तो आज इन उम्मीदवारों के घरों से अपनी अपनी जीत का शोर भी खूब जोरों पर सुनाई दिया। मीनाक्षी स्वरूप के पति उद्यमी गौरव स्वरूप की मानें तो वो पांच से सात हजार के बीच अपनी जीत मान रहे हैं, तो वहीं लवली शर्मा के पति वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा का दावा है कि उनकी पत्नी सर्वसमाज के वोट के आधार पर बड़ी जीत दर्ज करने जा रही हैं। कुल मिलाकर कोई हार मानने को तैयार नहीं है, दोनों का ही कहना है कि हम तो जीतेंगे। अब इस हार और जीत का फैसला तो 13 मई के दिन खुलने वाली मतपेटियों से निकली वोटों की गिनती के बाद ही हो पायेगा।

## मतदान भले ही कम हुआ, लेकिन भाजपा की जीत सुनिश्चितः गौरव स्वरूप

**रात भर थकान उतारने के बाद सुबह एक बार फिर हुआ जीत के आंकड़ों पर मंथन**



मुजफ्फरनगर। भाजपा की पालिकाध्यक्ष पद की उम्मीदवार मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर शुक्रवार को दिनभर समर्थकों का जमावड़ा रहा। मतदान के बाद भाजपा प्रत्याशी के पति गौरव स्वरूप रात साढ़े दस बजे तक भाजपा नेताओं और समर्थकों के साथ बूथवार आंकड़ों के गणित में अपनी पत्नी की जीत तलाशने में लगे रहे। कई दिन के चुनाव प्रचार में थकान के चलते रात 11 बजे गौरव स्वरूप और प्रत्याशी गहरी नींद में सो गये। सुबह साढ़े छह बजे समर्थकों के फोन पर गौरव स्वरूप की नींद खुली। उस समय तक उनके आंगन में पूर्व प्रमुख अमरपाल सिंह और काफी समर्थक जमा हो गये थे। इसके बाद फिर से मतदान के आंकड़ों को लेकर मंथन शुरू हुआ। विपक्ष के दावों और मुस्लिम इलाकों में भारी मतदान की अफवाहों की सत्यता परखने के लिए आंकड़ों का गुणा भाग किया गया। पाया गया कि नगरपालिका क्षेत्र में 75 से 77 हजार के बीच मुस्लिम वोटरों का मतदान हुआ है। इसके बाद हिन्दू बाहुल्य इलाकों में हुए मतदान के आंकड़ों को फिर से देखा गया। यही नहीं बसपा, कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी के प्रत्याशी को मिलने वाले मुस्लिम मतों को लेकर भी अनुमान लगाये गये। कई घंटे की माथा पच्ची के बाद फिर से जीत की आवाज गौरव स्वरूप के समर्थकों की जुबां से गूंजती रही। खुद गौरव स्वरूप ने भी बातचीत में यह दावा कि गुरूवार को हुए मतदान में दोनों ही पक्षों के प्रभाव वाले इलाकों में लगभग बराबर-बराबर वोट पड़े हैं, जीत भाजपा की सुनिश्चित है। उनका कहना है कि इसमें मीनाक्षी स्वरूप की जीत वो पांच से सात हजार के बीच ही मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को सर्वसमाज का समर्थन मिला है। जो विपक्ष के उम्मीदवार के पास नहीं है और दोनों इलाकों में मतदान प्रतिशत एक जैसा रहा है। ऐसे में भाजपा की जीत को नहीं नकारा जा सकता है।

## सर्वसमाज के मतों की बड़ी भागीदारी ने हमें जीत तक पहुंचायाः राकेश शर्मा

**रात ढाई बजे तक लवली की जीत पर होता रहा मंथन, सवेरे से ही लगना शुरू हुआ समर्थकों का तांता**



मुजफ्फरनगर। सपा रालोद गठबंधन उम्मीदवार लवली शर्मा और उनके समर्थक तो अपनी बड़ी जीत मानकर बैठे हैं। रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब मतपेटियों को नवीन मण्डी स्थल के स्ट्रांग रूम में जमा कराने के बाद गठबंधन उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ अंकित विहार स्थित आवास पर पहुंचे। सपा नेता राकेश शर्मा देर रात ढाई बजे तक समर्थकों के साथ आंकड़ेबाजी के गणित में मशगूल रहे। हालांकि गठबंधन के नेताओं ने मतदान के एक घंटे बाद ही अपनी जीत का दावा ठौंक दिया था। सुबह सात बजे उठने के बाद लवली शर्मा और उनके पति राकेश शर्मा ने कुछ समय अपने बच्चों के साथ बिताया। लवली तो अपने परिवार में व्यस्त रही, जबकि राकेश शर्मा दिनभर समर्थकों से घिरे रहे। हर इलाके से आये समर्थकों ने अपने अपने क्षेत्र का वोटों का गणित सम-ााया। बाद में सपा नेता राकेश शर्मा ने कहा कि उनकी पत्नी लवली शर्मा को सर्वसमाज का वोट मिला है। सत्ताधारी केवल मुस्लिम मतों को ही आधार मानकर चल रहे हैं। जबकि हिन्दू बाहुल्य इलाकों में तमाम जातियों के लोगों ने उन्हें समर्थन दिया है। यही समर्थन उन्हें बड़ी जीत दिलाने जा रहा है। इस बार पुराने कई मिथक टूटने जा रहे हैं। जिस दिन वोटों की गिनती होगी, नतीजे चौंकाने वाले सामने आयेंगे। क्योंकि हर बूथ पर वो भाजपा उम्मीदवार को बराबर की टक्कर देंगे। शाम के समय फिर सपा नेता राकेश शर्मा समर्थकों से घिरे रहे और उनके खेमे से भी जीत गए भई जीत गए की आवाज सुनाई देती रही।

## चुनाव डयूटी से लौटते समय हुए एक्सीडेंट में लिपिक की मौत

**खतौली, 05 मई (बु.)। पालिका मतदान डयूटी से वापस आ रहे कबूल कन्या इंटर कॉलेज खतौली के प्रधान लिपिक की बीती रात सड़क दुर्घटना में मोत से परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव भंगेला रूकनपुर निवासी सुशील कुमार कबूल कन्या इंटर कॉलेज में प्रधान लिपिक के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि नगरपालिका चुनाव के मतदान के मध्य लिपिक सुशील कुमार की डयूटी जानसठ तहसील क्षेत्र में लगी थी। गत दिवस मतदान सम्पन्न होने के पश्चात सुशील कुमार अपनी बाइक द्वारा वापस खतौली आ रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान गांव कसूदाबाद के निकट लिपिक सुशील कुमार की बाइक की एक घोड़ा बुग्गी से भिडन्त हो गयी। दुर्घटना में बाइक सवार सुशील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त होने पर घटना के सम्बन्ध में मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। लिपिक सुशील की मौत का समाचार मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजनों सहित ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतू भिजवाया गया।**

## पौने नौ बजे शुरू हुआ चंद्रग्रहण, मंदिरों के कपाट खुले रहे

**मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)।** साल का पहला चंद्र ग्रहण भारतीय समय के अनुसार यह चंद्र ग्रहण आज रात 08 बजकर 44 मिनट से शुरू हुआ जो देर रात 01 बजकर 01 मिनट पर खत्म हो जाएगा। यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण है। इसके चलते भारत में इसका कोई सीधा नजारा नहीं दिखा। इसके चलते आज ग्रहण के समय होने वाले सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद करने की प्रक्रिया भी नहीं हुई और मंदिर रोज की तरह खुले रहे। आज उपछाया चंद्रग्रहण है। यह न तो पूर्ण चंद्र ग्रहण होता है और न ही आंशिक चंद्र ग्रहण बल्कि इसमें चंद्रमा की छाया न पड़कर एक उपछाया पड़ती है। जिसमें चांद पर एक धुंधली सी परछाई नजर आती है। कई जगहों पर चांद अपने पूरे आकार में दिखाई दिया। चांद का रंग भी आम दिनों के मुकाबले आज मटमैले रंग का दिखाई पड़ा। 130 साल बाद बुद्ध पूर्णिमा और चंद्र ग्रहण का एक साथ दुर्लभ संयोग है। यह चंद्र ग्रहण तुला राशि और स्वाति नक्षत्र में लग रहा है। 15 दिनों के अंतराल पर यह दूसरा ग्रहण है। इससे पहले 20 अप्रैल को साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लगा था। भले ही यह उपछाया ग्रहण है, लेकिन इस दौरान ईष्ट देवी-देवता का ध्यान और उनसे संबंधित मंत्रों का जाप करने के अलावा महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र, चंद्रमा के मंत्रों का जाप करते लोग नजर आए।

## कोरोना खत्म! कोविड अब वैश्विक हेल्थ इमरजेंसी नही

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के समाप्त होने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है कि इसका मतलब यह नहीं है कि कोविड-19 खत्म हो गया है। बता दें कि डब्ल्यूएचओ ने 30 जनवरी 2020 को कोविड को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया था। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने कोविड-19 और वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान टेड्रोस ने बताया कि पिछले हफ्ते, कोरोना की वजह से हर तीन मिनट में एक व्यक्ति की मौत हुई। अभी भी दुनियाभर में हजारों लोग आईसीयू में अपने जीवन के लिए लड़ रहे हैं। चीन में इसके आउटब्रेक होने के बाद से 3 वर्षों में, कोरोना ने हमारी दुनिया को एकदम बदल कर रख दिया है। डब्ल्यूएचओ को लगभग 7 मिलियन मौतों की सूचना दी गई है। लेकिन हम जानते हैं कि संख्या कम से कम 20 मिलियन से कई गुना अधिक है। 30 जनवरी 2020 को अंतर्राष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। वहीं, 11 मार्च 2020 को कोरोना को वैश्विक महामारी घोषित कर दिया गया था।












फोटो बुलेटिन

सिनेमा पर सुरक्षा के लिए तैनात भारी पुलिस फोर्स।

# सच्ची घटनाओं से जुड़ी है 'द केरल स्टोरी': प्रणव गर्ग



**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** माया मल्टीप्लेक्स सिनेमा के मालिक प्रणव गर्ग का कहना है कि 'द केरल स्टोरी' को आज लोग एक कंट्रोवशियल फिल्म बता रहे हैं, लेकिन मैं इसे विवादित नहीं कहूंगा, क्योंकि यह फिल्म एक ऐसी कहानी है, जो कुछ भारतीय लड़कियों के उत्पीड़न की सच्ची घटनाओं पर बने मुद्दे हैं। इसमें यही बताया गया है कि भारतीय महिलाओं को कैसे लव जिहाद के प्रभाव में लेकर इस्लाम को परिभाषित किया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पर्दे को एक बड़े उदाहरण के तौर पर बताकर उनको भ्रमित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पहले दिन फिल्म 'द केरल स्टोरी' को दर्शकों की ओर से एक अच्छा रेस्पान्स मिला है। सेंसर बोर्ड ने विवाद और धार्मिक भावनाओं को देखते हुए फिल्म में दस कट दिये हैं। मोदी जी ने भी आज ट्वीट किया है कि इस फिल्म में क्या दिखाया गया है, यह फिल्म किसी भी धर्म के खिलाफ बिल्कुल नहीं है, लेकिन इसके सहारे उन आपबीती घटनाओं को सामने लाकर महिलाओं को सामाजिक और धार्मिक सुरक्षा के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया है, ताकि एंटी कंट्री विचारधारा के लोग भारत की महिलाओं को प्यार और धर्म के आधार पर भ्रमित कर राष्ट्र और समाज के खिलाफ गलत ढंग से किसी भी रूप में आतंकवादियों की मदद के लिए प्रयोग न कर सकें। इस फिल्म में केरल की उन अलग अलग कहानियों को एक साथ पिरोया गया है, जिनमें महिलाओं को लव जिहाद में फंसाकर धर्म परिवर्तन करते हुए इराक और सीरिया तक के आतंकवादी संगठनों के हाथों की कठपुतली बनाकर रख दिया गया। उन्होंने बताया कि फिल्म रिलीज होने से पूर्व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा पर ज्यादा जोर दिया गया है। यहां पर महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहा है। द कश्मीर फाइल्स और पठान मूवी के बाद द केरल स्टोरी को अच्छी दर्शक संख्या मिल रही है। ये एक ऐसी कहानी है जिससे समाज को एक प्रेरणा मिलेगी।

**फिल्म शुरू होने से पहले माया सिनेमा में सुरक्षा को लेकर तैनात दिखी फोर्स**

## लव जिहाद का परिणाम... पहले शो में उमड़े दर्शक, अधिकांश को पसंद आई केरल की महिलाओं के उत्पीड़न की सच्ची घटनाओं से जुड़ी ये फिल्मी कहानी

# 'द केरल स्टोरी ने मां-बाप को दिखाया आईना'

### दर्शक बोले-अपनी बेटियों को एक बार ये फिल्म जरूर दिखायें अभिभावक





**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** लम्बे समय से सुर्खियां बटोर रही बॉलीवुड फिल्म 'द केरल स्टोरी' आज रिलीज हो गई। पहले शो में दर्शकों की संख्या हाउस फुल रही। जिले में माया मल्टीप्लेक्स सहित कई सिनेमा घरों में फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था भी सिनेमा घरों पर की गयी थी। इस फिल्म में केरल की कुछ महिलाओं के साथ घटी अलग अलग घटनाओं को एक सूत्र में पिरोकर 'लव जिहाद' के प्रभाव को दिखाया गया है। फिल्म को लेकर वैसे तो धार्मिक आधार पर बहुत हो हल्ला मचाया गया है, लेकिन दर्शक इस फिल्म को किसी भी धर्म के खिलाफ न मानकर सामाजिक जागरुकता से जोड़कर देख रहे हैं।

'द केरल स्टोरी' फिल्म देखकर निकले दर्शक अमित कुमार ने बुलेटिन टीम के साथ बातचीत में कहा कि फिल्म की स्टोरी काफी अच्छी लगी। एक युवा दर्शक ने कहा कि फिल्म अच्छी है और मेरा मानना है कि इस फिल्म को महिलाओं और युवतियों के साथ ही नवयुवतियों को जरूर देखनी चाहिए। एक दर्शक ने कहा कि इस फिल्म में केरल की महिलाओं के साथ बीती घटनाओं की रौंगटे खड़े करने वाली घटना की जानकारी समाज को मिल रही है। एक दर्शक ने कहा कि फिल्म बहुत बेकार लगी है, जो कहानी इसमें दिखाई गई है, आम जीवन में वो संभव नहीं है।

एक महिला दर्शक ने कहा कि पूरी कहानी ही समाज और सच से बांधती दिखाई देती है। महिला ने कहा कि माता पिता को अपनी बेटियों और परिवार की महिलाओं पर नजर रखनी चाहिए कि वो बाहर क्या कर रही हैं। समाज को जागरुक होने की आवश्यकता है। 'द केरल स्टोरी' से समाज को सीखने की बहुत कुछ चीज हैं, हिन्दु लड़कियों को बहुत ही चालाकी से एक जाल में फंसाया जा रहा है, यही इसमें दिखाया गया है, समाज को इस फिल्म से सीखने की जरूरत है। दर्शक कामेश्वर त्यागी ने कहा कि इस फिल्म से लड़कियों को एक संदेश दिया गया है। लड़कियां अनभिज्ञ हैं कि इस गलत कदम से उनकी जिन्दगी किस तरह से तबाह हो सकती है। उनको सीधे धर्म के खिलाफ ले जाकर आतंकवाद से जोड़ा जा रहा है। युवा दर्शक प्रणव शर्मा ने कहा कि भारत सीता और सावित्री का देश है, समाज में माता पिता पर जिम्मेदारी है कि वो अपनी बच्चियों को सामाजिक और धार्मिक स्वतंत्रता के साथ ही उनको सुरक्षा भी प्रदान करें। भारतीय संस्कृति और सभ्यता से परिवारों को जुड़ना चाहिए, इसी से भटकाव ही समाज में इस तरह की समस्या पैदा कर रहा है। एक दर्शक ने कहा कि फिल्म सच्ची कहानियों का समावेश है और लड़कियों के लिए एक बड़ा संदेश भी है। माता पिता को बचपन से ही अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का काम करना चाहिए, जड़ मजबूत होगी तो भटकाव नहीं होगा। एक युवा दर्शक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी' में कहानी अच्छी लेकर आये हैं। फिल्म अच्छी है, माता पिता से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म सभी माता पिता अपनी बेटियों को साथ लाकर जरूर दिखायें तो समाज में एक सार्थक संदेश जायेगा। एक दर्शक ने कहा कि यह फिल्म धार्मिक कट्टरता का नहीं, बल्कि धर्म के प्रति सुरक्षा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराती है। यह सभी धर्मों के लिए संदेश है, ये केवल हिन्दू धर्म पर ही आधारित नहीं है, सभी धर्मों में ऐसा हो सकता है, यही कहानी इसमें बताई गयी है। परिवार के साथ फिल्म देखने आई एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि लड़कियों को यही संदेश फिल्म देती है कि अपने धर्म और संस्कृति के प्रति युवा पीढ़ी को जोड़ना चाहिए। धर्म से जुड़ेंगे तो ही समाज बेहतर बन पायेगा।

### बच्चों को आज धर्म और संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता पर दिया लोगों ने बल

## तारीख गवाह है

## आज का इतिहास



**19 साल पहले चीन ने माना कि सिक्किम भारत का ही अंग है**

**नयी दिल्ली, 05 मई (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1840-दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट पेनी ब्लैक का ग्रेट ब्रिटेन में इस्तेमाल हुआ। 1857-ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इन्फेंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। 1861-मोतीलाल नेहरू का जन्म। 1910-जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने। 1940-जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास द ग्रेप्स ऑफ रॉथ के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला। 1944-गांधी जी को पुणे के आगा खां पैलेस से रिहा किया गया। 1946-प्रख्यात विधिवेत्ता, प्रमुख संसदीय नेता और महात्मा गांधी के विश्वस्त सहयोगी भूलाभाई देसाई का निधन। 1960-ब्रिटेन की महारानी की छोटी बहन राजकुमारी मार्गरेट और एंथनी आर्मस्ट्रांग जोन्स का विवाह हुआ। 1964-भारत के प्रसिद्ध तैराक खजान सिंह का जन्म। 1976-उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत। 1997-फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला बनी। 2004-चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना। 2010-मुंबई पर हमला करने वाले आतंकवादियों में से जिंदा पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई। 2010-गुडलक जोनाथन नाइजीरिया के राष्ट्रपति बने। 2010-संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में जम्मू कश्मीर के कुपवाडा निवासी चिकित्सक शाह फैसल ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 05 मई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-1300-1330, चाकू 1400-1745, लड्डू 1550-1610, खुरपापाड़ 1370-1385, शक्कर मसाला 1520-1560। आमद-2000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 05 मई, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 62,200 चांदी-76,000

सिक्का- 820 गिन्नी- 46,500

## कार व रेहड़े की भिड़ंत में रेहड़ा चालक घायल

**बुढ़ाना, 05 मई (बु.)।** वैगन आर कार ने आइसक्रीम की रेहड़ी में जोरदार टक्कर मारकर आइसक्रीम विक्रेता को घायल कर दिया और कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना से आइसक्रीम का रेहड़ा लेकर एक आइसक्रीम विक्रेता गांव शाहडब्बर जा रहा था, जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में आया, तो शाहपुर की ओर से तेज गति से आ रही एक वैगनआर कार अनियंत्रित हो गई, जिसमें कार की टक्कर आईसक्रीम की रेहड़ी में जोरदार तरीके से लग गयी, जिसमें रेहडी वाला मौके पर ही घायल हो गया। उधर कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल रेहड़ा चालक को नजदीकी हॉस्पिटल में ले जाया गया।

# पटरी पर लौटी परिवहन निगम की ईटीएम व्यवस्था

## साइबर अटैक होने से करीब 10 दिन पूर्व हुआ था ईटीएम मशीनों का डाटा खराब, हो रही थी परेशानी

### रोडवेज के परिचालकों ने ईटीएम से बसों में टिकट बनाने किए फिर शुरू, सहारनपुर, शामली और बड़ौत की रूट पर निकलने वाली रोडवेज बसों में एआरएम ने शुरू कराई टिकट की व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** यूपी रोडवेज परिवहन निगम की इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन से टिकट बनाने की व्यवस्था एक बार फिर से पटरी पर लौट आई है। बीते कुछ दिनों से प्रभावित रही व्यवस्था को शुक्रवार से एक बार फिर से शुरू कराने के साथ परिचालकों ने ईटीएम से टिकट बनाने शुरू कर दिए। इससे डिपो की रोडवेज बसों के संचालन में भी सुधार होने की संभावनाएं फिर से बढ़ी है।

यूपी रोडवेज परिवहन निगम की हाईटेक व्यवस्था में सेंध लग जाने से करीब एक साल से चल रही इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग की व्यवस्था मशीनों के खराब हो जाने के कारण बीते दस दिनों से धड़ाम थी, यह सुविधा मुहैय्या कराने वाली कंपनी ओरियन प्रो के डाटा सेंटर में हुए उक्त साइबर अटैक होने से सारे डाटा खराब हो जाने से कंडक्टरों को मैनुअल टिकट बनाने पड़े, इससे निगम की रोडवेज बसों का संचालन भी प्रभावित रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की रोडवेज बसों को एंड्रायड आधारित नई इलेक्ट्रॉनिक टिकट जारी करने वाली मशीनों से पिछले साल लैस किया गया था। विभाग के इस कदम से परिवहन निगम के साथ यात्रियों को भी सुविधा हुई। इस कार्य से नागरिक सेवाओं का डिजिटाइजेशन भी हुआ। वहीं बड़ी संख्या में कंडक्टर ईटीएम से टिकट बनाने में कुशल हो गए थे। एकाएक बदले हालातों के बीच में परिवहन निगम की ईटीएम व्यवस्था मुंबई कार्यालय से साइबर अपराधियों द्वारा डाटा हैक कर लिए जाने के बाद पूरे प्रदेश में निगम की ईटीएम भी गड़बड़ा गई थी।

अव्यवस्था के कारण इसका सीधा प्रभाव बसों के संचालन पर भी पड़ा था। परिचालकों को हाथों से बनाने वाले टिकट दे दिए गए थे। इससे परिचालकों को परेशानी हुई थी। पहले दिन चार दर्जन परिचालक ड्यूटी से गैर हाजिर हो गए थे। ऐसे में बीते माह 25 अप्रैल से 4 मई तक अव्यवस्था के चलते बसों का संचालन देरी से हो रहा था। अब दस दिन बाद ईटीएम सही हो गई। परिचालकों ने फिर से ईटीएम से टिकट बनाने शुरू कर दिए। वैसे अभी ईटीएम से बड़ौत, सहारनपुर व शामली मार्ग पर चलने वाली बसों में ही टिकट बनाएं जा रहे हैं। जल्द ऐसी ही व्यवस्था सभी मार्गों पर भी बहाल हो जाएगी।

**इन्होंने कहा...**




**मुजफ्फरनगर डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि परिवहन निगम की ईटीएम व्यवस्था मुंबई कार्यालय से साइबर क्राइम के चलते 25 अप्रैल की रात्रि में डाटा हैक कर लिए जाने के बाद से पूरे प्रदेश में परिवहन निगम की उक्त ईटीएम व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। इसका प्रभाव बसों के संचालन पर पड़ा था। ईटीएम से टिकट बनाने की प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई हैं। जल्द अन्य सभी बसों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।**

## आज का राशिफल

शनिवार, 06 मई, 2023

**मेष-** आज दिन 3/23 बजे तक व्यवस्थित, परिस्थितियाँ अनुकूल, मित्रों से सहयोग, लाभ का सुयोग, शेष समय विपरीत, कार्य अधूरे।
**वृषभ-** कार्य-व्यवसाय में सफलता, धर्म में आस्था, मनोरंजन की ओर रुचि, पाविारिक खुशी, सहयोग से बकाए धन की प्राप्ति।
**मिथुन-** स्वास्थ्य अनुकूल, कार्य प्रगति पर, आमोद-प्रमोद, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुचि, संत समागम, नूतन-पुरातन मित्रों से योजना पर विचार विमर्श, विवाद समापन।
**कर्क-** आज दिन 3/23 बजे तक उलझने, आपसी संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, धन हानि, कष्ट भी, शेष समय आशाजनक, सामाजिक गतिविधियों में रुझान।
**सिंह-** आज दिन 3/23 बजे तक विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, शेष समय असंतोषजनक, विवाद की आशंका, जीवनसाथी से कुछ कष्ट।
**कन्या-** विचाराधीन योजना कार्य रूप में परिणित, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, सलाह से कामयाबी।
**तुला-** कठिनाइयों की निवृत्ति, मनोवांछित सफलता का सुयोग, धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक रुचि, यात्रा।
**वृश्चिक-** आज दिन 3/23 बजे तक कार्यों के प्रति उदासीनता, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, हानि की आशंका, शेष समय आशानुकूल।
**धनु-** आज दिन 3/23 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, प्रगति, धन लाभ, प्रसन्नता, शेष समय प्रतिकूल, आर्थिक हानि, संबंधों में कटुता।
**मकर-** व्यावसायिक अनुकूलता, पारिवारिक कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास आवश्यक, मनोविनोद का सुयोग, सम्पर्क का सुपरिणाम ।
**कुम्भ-** आर्थिक प्रगति, नवयोजना पर मित्रों-स्वजनों से विचार विमर्श, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, संभावित यात्रा।
**मीन-** आज दिन 3/23 बजे तक उलझनें व्यापारिक आर्थिक हानि, क्रोध की अधिकता, शेष समय प्रगतिवारक, कार्य बनने की ओरल।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# चुनाव में हुई मारपीट के बाद दूसरे दिन दो पक्षों के बीच हुआ पथराव

### लड़ाई के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भांजी लाठी तो दुकानें हुईं बंद

**कैराना, 05 मई (बु.)।** मौहल्ला छड़ियान मीट मार्किट में दो पक्षों में पथराव होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा एक दर्जन से अधिक आरोपियो को हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी गई थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार दोपहर एक बजे मौहल्ला छड़ियान मीट मार्किट में हाजी हारूण व पोती पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी होने के साथ ही पथराव होने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी श्यामवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहंचे। पुलिस ने झगड़ा कर रही भीड़ को तितर बितर किया तथा एक दर्जन से अधिक झगड़ा करने वालों को हिरासत में ले लिया। पथराव में किसी को चोट लगने की सूचना नहीं है। विदित रहे कि गुरूवार को मतदान सम्पन्न होने से कुछ देर पहले बाजार बेगमपुरा स्थित पोलिंग बूथ पर हारूण पक्ष व पोती पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हो गई थी। हाजी हारूण व पोती वार्ड 10 से सभासद प्रत्याशी है। बाद में मौहल्ला छड़ियान पर भी झगड़ा होने पर शहजाद व उसका भतीजा कैफ घायल हो गये थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के 5 आरोपियों उस्मान व इसरार तथा शहजाद, कैफ व इसरार निवासी छड़ियान को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने पांचों आरोपियों का शान्ति भंग में चालान कर दिया था, लेकिन शुक्रवार को फिर से दोनो पक्ष आमने सामने आ गये। मामले में कोतवाली प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि एक दिन पहले के झगड़े में दोनों पक्षों के 5 आरोपियों का शान्ति भंग में चालान किया गया है। दोबारा झगड़े की सूचना पर एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच कर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जायेगी।

**जिला बदर दबोचा-मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि जिला बदर किया गया अपराधी शाहिद उर्फ ढोला पुत्र नसीम निवासी किदवईनगर शामली बस स्टेंड के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## शराब पीने के बाद खाया जहर

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर में एक युवक ने शराब पीने के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिश गया।**

**पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर निवासी 44 वर्षीय एक युवक ने शराब पीने के बाद संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी अचानक ही हालत खराब हो गई। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया गया।**

# दरोगा राम खिलाड़ी ने किया कारनामा, दो पक्षों की कहासुनी में जमानती अधिवक्ता और विकलांग पर भी की कार्यवाही

### गांव चुड़ियाला में खेत की डोल को लेकर हुआ था दो पक्षों में विवाद

**मीरापुर, 5 मई (बु.)।** शुक्रवार को मीरापुर क्षेत्र के गांव चुड़ियाला में खेत की डोल को लेकर सोनू पुत्र मुकेश व उसके चचेरे भाई आशुतोष पुत्र दिनेश के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद सम्भलहेड़ा चौकी इंचार्ज रामखिलाड़ी शर्मा दोनों को थाने ले आए, इसी बीच दोनों पक्षों का गांव के जिम्मेदार लोगों ने फैसला करा दिया, किन्तु आरोप है कि फैसले के नाम पर दरोगा ने रुपयों की मांग की तथा रुपये की मांग पूरी न होने पर चौकी इंचार्ज ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

इतना ही नहीं हद तो तब हो गई, जब उक्त दरोगा ने एक पक्ष के युवक आशुतोष की जमानत कराने पहुँचे अधिवक्ता दीपक शर्मा के विरुद्ध भी निरोधात्मक कार्यवाही कर दी। इतना ही आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बावजूद दरोगा ने फैसले को अस्वीकार करते हुए बिना जानकारी किये ही एक पक्ष के 90% विकलांग युवक करुणेश कौशिक के विरुद्ध भी निरोधात्मक कार्यवाही कर डाली। दरोगा की इस हरकत से अधिवक्ता समाज में भारी रोष है। अधिवक्ता दीपक शर्मा ने बताया कि वह जिला बार संघ का सदस्य है और एक पक्ष के युवक की जमानत कराने जानसठ आया था। अधिवक्ता दीपक शर्मा ने बताया कि दरोगा के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर कल वह अधिवक्ताओं के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे।

## 4 लोगों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** गत दिवस सम्पन्न हुए नगरपालिका चुनाव में फर्जी मतदान करते हुए पकड़े गए चार लोगों को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। गत दिवस सम्पन्न हुए नगरपालिका चुनाव में सिविल लाइन पुलिस ने फर्जी मतदान की शिकायत पर चार लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से किसी और की वोटर पर्ची व आधार कार्ड बरामद हुए थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी वतन सिंह पुत्र हरवीर सिंह निवासी गढ़ीपुख्ता, मौहम्द इमरान पुत्र शहजाद अली निवासी सरवट, गौतम पुत्र रमेश निवासी बर्फ खाने वाली कच्ची सड़क हैं। पुलिस ने उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्लेसमेंट मीट आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** सस्थानीय एसडी कालेज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में छात्र/छात्राओं के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। फस्पी इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों को प्लेसमेन्ट का अवसर देने के लिये ऑन कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी, इनफारमेशन टैक्नोलोजी व इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी. के 2022-23 में पासआउट होने वाले छात्र/छात्राओं का चयन किया गया।

एचआर मैनेजर्स एवं प्लेसमेन्ट टीम के द्वारा प्रथम चरण में छात्रों को इन्डस्ट्री व जॉब प्रोफाईल के संदर्भ में अवगत कराया गया। द्वितीय चरण में लिखित टैक्निकल परीक्षा आयोजित की गई। लिखित परीक्षा में क्वालीफाई छात्र/छात्राओं से साक्षात्कार के उपरान्त खुशी गर्ग, अक्षी त्यागी, प्रियांशी गर्ग, हर्ष गुप्ता व यशस्वी भारद्वाज का चयन किया गया। प्लेसमेन्ट टीम में एचआर मैनेजर्स एवं टैक्निकल एक्सपर्ट के रूप में अमन गुप्ता, वैभव वत्स, स्वाति व प्रेरणा ने कंपनी के लिये चयन प्रक्रिया पूरी कराई। अमन गुप्ता ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को दो माह की सघन ट्रेनिंग दी जायेगी, जिसके उपरान्त चयनित छात्रों को छः लाख का वार्षिक पैकेज दिया जायेगा। सचिव अनुभव कुमार ने चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी एवं कम्पनी के अधिकारियों को एसडी कॉलेज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में प्लेसमेन्ट के लिये धन्यवाद दिया। अनुभव कुमार ने बताया कि संस्थान में संचालित बी.टेक. एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कैरियर केन्द्रित एवं इन्डस्ट्री की माँग के अनुसार शिक्षित एवं प्रशिक्षित करने का प्रयास किया जाता है। उसी का परिणाम है कि संस्थान से पास होने वाले छात्र/छात्राओं का चयन विभिन्न कम्पनीज में हुआ है, जो संस्थान की गुणवक्तापरक शिक्षा को पुष्ट करता है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दिनों में सिविल इंजी., इलेक्ट्रीक्ल इंजी., मैकेनिकल इंजी. के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट का प्रस्ताव है, जो शीघ्र ही संस्थान में कैम्पस ड्राइव आयोजित करेंगी। अनुभव कुमार ने कम्पनी मैनेजर्स एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा आश्वस्त किया कि एसडी कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के छात्र कम्पनी के लिये उपयोगी सिद्ध होंगे।

# हत्यारोपियों को जेल न भेजने पर परिजनों का हंगामा प्रदर्शन

**रामराज, 05 मई (बु.)।** रामराज पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपियों को पांच दिन पूर्व हिरासत में लेने के बाद भी जेल न भेजने पर मृतक के परिजनों ने दर्जनों महिला व पुरुष ग्रामीणों के साथ रामराज थाने पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और आक्रोश जताया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रामराज थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी आस मोहम्मद पुत्र हैदर अली का 29 अप्रैल को रामराज थानाक्षेत्र के बूढ़ी गंगा के समीप बनी झील में शव बरामद हुआ था, जिसमें मृतक के भाई अरशद ने नया गांव निवासी अनिल तथा कपिल पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक का भाई अरशद शुक्रवार को दर्जनों परिजनों तथा ग्रामीणों के साथ रामराज थाने पर पहुंचा तथा हत्या आरोपियों को जेल भेजने की मांग की। इस दौरान पीड़ित परिवार की दर्जनों महिलाएं भी मौजूद रही। अरशद का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था, परंतु अभी तक जेल नहीं भेजा है। तथा पुलिस आरोपियों से मिलीभगत कर मामले को निपटाने में जुटी हुई है। वहीं रामराज एसओ सुनील शर्मा ने बामुश्किल ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शान्त किया।

इस मामले में पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। वहीं रामराज थाना प्रभारी सुनील शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी आज ही प्राप्त हुई है जिसमें आस मोहम्मद की मृत्यु का कारण पानी में डूबना बताया गया है मामले की जांच चल रही है तथा जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# बजरंग दल और कांग्रेस

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करके सेल्फ गोल कर लिया है। न जाने कौन है जो कांग्रेस को ऐसी ऐसी सलाह देता है कि कांग्रेस अपने ही बैट से अपने ही विकेट उखाड़ लेती है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमन्त्री को जहरीला सांप कहकर ऐसा ही किया, उनके बेटे ने उन्हें नालायक बेटा कह दिया। अब बजरंग दल पर प्रतिबंध को लेकर वहां बवाल हो रहा है और कांग्रेस नेता इस पर कुछ कहने से बच रहे हैं, कांग्रेस को नुकसान होता देख अब वहां के नेता सफाई दे रहे हैं, खड़गे ने पहले ही कह दिया इस बारे में राज्य कांग्रेस बताएगी। बजरंग दल पर बैन को लेकर कर्नाटक में तो बवाल है ही, अब बिहार में भी यह मुद्दा गरमाया हुआ है। नालंदा से जेडीयू के सांसद कौशलेंद्र ने भी बजरंग दल को बैन करने की डिमांड कर दी है। अगस्त 2022 से अब तक बिहार में हिंदू आस्था को चोट पहुंचाने वाले कई बयान महागठबंधन के नेताओं की ओर से दिए जा चुके हैं। इसमें रामचरितमानस के अपमान के साथ हर शहर को कर्बला बनाने की बात तक कही गई है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह तो अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर को लेकर भी अमर्यादित बयान दे चुके हैं। जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार के बयान पर भड़के बिहार बीजेपी के पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने करारा जवाब दिया है। बीजेपी प्रवक्ता का कहना है कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी मुसलमानों का वोट पाने के चक्कर में हिंदुओं की आस्था और देश की संस्कृति के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही हैं। बीजेपी प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार बिहार में जिस रावण रूपी महागठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। उस महागठबंधन की लंका में स्वयं बजरंगबली ही आग लगाने का काम करेंगे। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि बस कुछ ही दिनों की बात है, भगवान इसका फल जरूर देंगे। प्रेम रंजन पटेल ने यह भी कहा कि आरजेडी कोटे से बिहार सरकार में शिक्षा मंत्री बने चंद्रशेखर यादव ने रामचरितमानस को लेकर जो अपमानजनक बयान दिया था। वह भी लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के इशारे के बिना नहीं दिया जा सकता था। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति में नीतीश कुमार और कितना नीचे गिरेंगे यही देखना बाकी है। बीजेपी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यह तय है कि बिहार की जनता चुनाव में नीतीश कुमार को करारा जवाब देगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के बाद प्रधानमन्त्री मोदी ने कर्नाटक में इस बात को पकड़ लिया। उन्होंने अपनी जनसभाओं के दौरान 'जय बजरंग बली' के नारे लगवाए। मामला गर्माते देख कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार आने पर राज्य में हनुमान मंदिर बनाएंगे। इसके बाद वीरप्पा मोइली का बयान आया उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। एक सप्ताह में मतदान के लिए जा रहे राज्य कर्नाटक के उडुपी में एक बयान देते हुए उन्होंने कहा कि केवल कर्नाटक के स्तर पर बजरंग दल को प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। इसे बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के घोषणा पत्र के फैसले से पार्टी के यू-टर्न की तरह देखा जा रहा है। भाजपा ने जिस तरह बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के निर्णय को भगवान बजरंग बली से जोड़ा, उससे सियासी नुकसान भांपते हुए कांग्रेस ने इससे यू-टर्न ले लिया है। हालांकि, विश्व हिंदू परिषद ने मांग की है कि कांग्रेस को अपनी घोषणा पर माफी मांगनी चाहिए और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात को अपने घोषणा पत्र से निकालना चाहिए। कर्नाटक में भाजपा के अलग-अलग नेता अपनी चुनावी सभाओं में इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने में जुटे हैं। बजरंग दल ने इस मुद्दे पर दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान से लेकर मध्यप्रदेश तक प्रदर्शन किया है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। इस मुद्दे पर लोगों की राय देखते हुए कांग्रेस नेताओं का एक धड़ा मानता है कि यदि भाजपा मतदाताओं के बीच इस मामले को धार्मिक रंग देने में सफल रही, तो इससे कांग्रेस का बड़ा नुकसान हो सकता है। यह नुकसान केवल कर्नाटक तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका नुकसान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनावों में भी हो सकता है। पार्टी के कई नेता मानते हैं कि कर्नाटक राज्य के घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कहकर कांग्रेस अपने ही जाल में फंस गई है। उसे इस तरह का वादा करने से बचना चाहिए था। विशेषकर यह देखते हुए कि किस तरह भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन का सहारा लेकर अपनी राजनीतिक यात्रा तय की और बड़ी सफलता हासिल करने में कामयाब रही, बजरंग दल पर प्रतिबंध का वादा उस पर उल्टा पड़ सकता था। इसे लेकर कांग्रेस के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। जालौन में भी बजरंग दल ने कांग्रेस दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। बजरंग दल कार्यकताओं ने जालौन के कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपील की थी। बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और सड़क पर बैठ गए। उन्हें हटाने के लिए पुलिस फोर्स पहुंची, इस दौरान नोकझोंक हुई, बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा जबरन कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। जोधपुर में पावटा चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। सद्‌बुद्धि यज्ञ किया और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। बजरंग दल की ओर से कांग्रेस और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला भी जलाया। इससे पहले मुख्य चौराहे पर यज्ञ किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएफआई जैसे संगठनों के साथ बजरंग दल की तुलना कर प्रतिबंध लगाने की बात करना ही कांग्रेस की ओछी मानसिकता है। अगर कांग्रेस सरकार इसको वापस नहीं लेती है तो पूरे देश में सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"दुश्मन" "मीत" "वोट" "यकीं"

दुश्मन का भी यकीन उसे अब रहा नहीं,
विश्वास है न मीत का उम्मीदवार को।
हर वोट का हिसाब भी उसने लगा लिया,
इतना यकीं है जीत का उम्मीदवार को।

दसवीं पुण्यतिथि



श्रद्धेय स्व. श्री नरेन्द्र कुमार बंसल जी
निर्वाण तिथि : 6 मई 2013
अश्रुभरी आंखों में आपकी स्मृतियों का सावन है। आप हमारे प्रेरणास्रोत, आपके आशीर्वाद से हमारा जीवन है। सरल, सौमय, मृदुभाषी, सहिष्णुता, पुरूषार्थ एवं त्यागी की तपोमूर्ति की नौंवी पुण्यस्मृति पर भाव विह्वल हृदय, अश्रुपूरित नेत्रों व अमिट स्मृतियों के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
-श्रद्धा सुमन-
रामा बंसल (पत्नी), अनिल कुमार बंसल (भाई)
दीपक बंसल-गीता बंसल (पुत्र-पुत्रवधु)
सक्षम बंसल-आदित्यराज बंसल (पौत्र)
साक्षी बंसल (पौत्री), बंसल परिवार एवं समस्त स्टाफ
-प्रतिष्ठान-
बंसल उद्योग, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
साक्षी स्टील, ए-टू-जेड रोड, मुजफ्फरनगर
निवास स्थान : वसुंधरा, मुजफ्फरनगर
9917160006, 7535900013

## देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव में पूरी मेहनत की : अरविंद त्यागी

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बुस.)।** नगर निकाय चुनाव के बाद भाजपा के नेताओं ने कहा कि हम सभी सीटें जीतेंगे और ट्रिपल सरकार बनाएंगे। भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख शाहपुर अरविंद त्यागी ने कहा कि मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद सहित अन्य सभी सीटों पर भी भाजपा का कब्जा रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के देवतुल्य कार्यकताओं ने रोजाना डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क किया और आज पूरी मेहनत के साथ अपने अपने पोलिंग बूथों पर खड़े रहे, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में गुंडागर्दी खत्म हुई है, विकास कार्य भरपूर हुए हैं। श्री त्यागी ने मुजफ्फरनगर जिले की सभी सीटों पर भाजपा को अपना कीमती वोट देने पर सम्मानित मतदाताओं का धन्यवाद किया और कहा कि 13 मई को परिणाम बहुत अच्छे होंगे। साकेत कॉलोनी स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी के आवास पर चुनाव खत्म होने के बाद बैठक हुई, जिसमें अच्छी तरह चुनाव संपन्न होने पर खुशी जताई गई। गौरव त्यागी ने भी कहा कि सभी सीटों पर भाजपा का परचम लहराएगा और ट्रिपल सरकार बनेगी।

# श्री श्यामा श्याम मंदिर गांधी नगर से निकली कलश यात्रा

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र में मौहल्ला गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर के 34वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में पं. हंसराज भारद्वाज ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान कथा व्यास पंड़ित गोविंद ब्रजवासी ने कहा कि वास्तव में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीव मात्र का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार है, जो ईहलोक के साथ परलोक में भी जीव के लिए सहायक होगी। नगर विधायक एवं प्रदेश के कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी अनु अग्रवाल ने परिवार सहित 251 महिलाओं के साथ विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ में भव्य कलश लेकर इस पवित्र धार्मिक यात्रा में भाग लिया। गांधीनगर के मुख्य मार्गो से होती हुई भव्य कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद कलश स्थापना की गई। इस बीच व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत कथा की अमृतमयी





ज्ञानवर्षा करते हुए कथा व्यास पं. गोविंद ब्रजवासी ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा श्रवण मात्र से जीव का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि कलयुग में सत्संग ही मनुष्य के विचारों को स्थिर रखती है। महाराज श्री ने अपने मुखारविंद से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के पाप का अंत होता है। उन्होंने कहा कि बिना सौभाग्य के मनुष्य को सत्संग नहीं मिलता। ऐसे में सभी को नित्य भागवत कथा श्रवण करने अवश्य आना ही चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित जगमोहन भारद्वाज, अभय शंकर उपाध्याय, भाजपा नेता हरीश गोयल, अभिनंदन, सचिन राठी, संजीव गौतम, डॉ सुभाष छोछ्लान, ललित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अनुज गोयल, सुभाष शर्मा, महेश शर्मा, अशोक शर्मा, पवन धीमान, विपुल गुप्ता, रजत त्यागी, नवनीत गुप्ता, विशाल गर्ग, अजय शर्मा, आशु भारद्वाज, हरि यादव, यश दीप राणा, नागेश्वर त्यागी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एडीएम ई. ने नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** प्रदेश में गुरूवार को हुए प्रथम चरण के मतदान के बाद अब इन मतपेटियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। शुक्रवार को स्ट्रांग रूम की इन्हीं तमाम व्यवस्थाओं का नई मंडी स्थल पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। नवीन मंडी स्थल पर प्रशासन की ओर से की व्यवस्थाओं के बीच मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद के अलावा नगर पंचायत चरथावल व पुरकाजी की मतदान पेटियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। शुक्रवार को एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने कूकड़ा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के साथ अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। नवीन मंडी में रखी गई इन मतपेटियों की



सुरक्षा को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की किलेबंदी में रखा गया है। आयोग के निर्देशों के बीच शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने उक्त स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। एडीएम ने बताया कि समस्त स्ट्रांग रूम के बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा निर्मित किया गया है। साथ ही प्रत्येक शिफ्ट में एक मजिस्ट्रेट स्ट्रांग रूम की निगरानी को नियुक्त किए गए हैं, जो 24 घंटे इसकी सुरक्षा में मौजूद रहकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में मजिस्ट्रेट का दायित्व होगा कि वह स्ट्रांग रूम की नियमित निगरानी करते रहें। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति मौजूद रहे। जनपद में सदर तहसील में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के अलावा नगर पंचायत चरथावल व पुरकाजी की मतपेटियां रखी गई हैं, वहीं दूसरी ओर बुढ़ाना में बुढ़ाना नगर पंचायत, सिसौली व शाहपुर, खतौली में नगरपालिका परिषद और जानसठ में मीरापुर जानसठ, भोकरहेड़ी नगर पंचायत की मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतपेठियां संगीनों के साए में सुरक्षित रखी गई है।

## तीन साल की उम्र तक मासूमों की पिटाई गलत

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** कुछ दिनों पहले 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। रानी मुखर्जी की यह फिल्म एक अप्रवासी भारतीय जोड़े के साथ घटी सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म की कहानी में एक परिवार अपने बच्चों की कस्टडी पाने के लिए नॉर्वे की सरकार से लड़ता है। फिल्म के रिलीज वाले दिन भारत में नॉर्वे के राजदूत हंस जैकब फ्राइडेनलुंड ने एक ट्वीट कर आपत्ति जताते हुए कहा कि नॉर्वे में हम फैमिली सिस्टम और अलग-अलग सांस्कृतिक तरीकों को अहमियत देते हैं और सम्मान करते हैं। हां, बच्चों की परवरिश में किसी भी तरह की हिंसा स्वीकार नहीं की जाती। मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वेह्व फिल्म ने लालन-पालन पर एक बहस छेड़ दी है। आइए जानते हैं कि दुनिया के अलग-अलग देशों में बच्चों की परवरिश को लेकर सोच कैसे बदल रही है और नए बदलाव हो रहे हैं, जबकि हमारे देश में पेरेंट्स अब भी बच्चों पर सख्ती करते हैं, हाथ उठाते हैं और बच्चों की पिटाई को जायज ठहराते हैं। फर्स्ट मॉम्स क्लब (इंडिया) ने अर्ली चाइल्डहुड एसोसिएशन (एडअ) और बॉर्न स्मार्ट के साथ मिलकर फरवरी 2018 में बच्चों को माता-पिता द्वारा पीटने को लेकर भारत में एक सर्वे कराया। 1790 पेरेंट्स पर कराए गए इस सर्वे में पाया गया कि 69 फीसदी पेरेंट को पता है कि बच्चों को थप्पड़ लगाने का क्या प्रभाव होता है। दरअसल जिन पेरेंट्स पर यह सर्वे कराया गया वे पढ़े लिखे और प्रोफेशनल्स थे।

## प्रत्याशी व उसकी सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 05 मई (बु.)।** नगर निकाय चुनाव के दौरान एक मृतक महिला की वोट डालने के लिए पहुंची एक सभासद पद के प्रत्याशी की सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर फर्जी आधार कार्ड बरामद कर महिला व प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत मीरापुर में मतदान के दौरान प्रा. वि. नम्बर तीन में बने हुए मतदान केंद्र पर मोहल्ला कमलियान निवासी सभासदपद के प्रत्याशी शाहनवाज पुत्र इसराइल अपनी सास वसीला पत्नि सीनू निवासी गांव गंगेरू थाना कांधला, जिला शामली को साथ लेकर तीन वर्ष पूर्व मर चुकी महिला मुन्नी पत्नि मेहरबान के आधार कार्ड में अपनी सास का फोटो लगवाकर फर्जी वोट डालवाने के लिए पहुंचा था। यहां पर मौजूद एजेंटों ने पुलिस से इसकी शिकायत की थी, जिस पर पुलिस ने महिला को थाने बैठा लिया था। पुलिस ने सभासद प्रत्याशी शाहनवाज व उसकी सास वसीला के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 171 भादवि के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने महिला का चालान कर दिया है। पुलिस सभासद प्रत्याशी को गिरफ्तार करने के लिए उसकी तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस फर्जी आधार कार्ड तैयार करने वाले आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## गुमनाम रहकर कर सकेंगे अब बिजली चोरी की शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** बिजली चोरी की रोकथाम और बढ़ते लाइन लॉस को कम करने के लिए यूपी पॉवर कॉरपोरेशन ने ऑनलाइन शिकायत करने की अब सुविधा शुरू की है। इसमें बिजली चोरी की सूचना देने वाले लोगों की जानकारी भी गुमनाम रहेगी। वहीं अब सूचना देने वाले लोगों को अपना नाम व मोबाइल नंबर दर्ज नहीं करना पड़ेगा। जी हां, यूपी में बढ़ती बिजली चोरी और लाइनलॉस की समस्या के निदान की खातिर विद्युत निगम के अधिकारियों ने "बिजली मित्र" के रूप में नई पहल प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के माध्यम से लोग गुमनाम रहते हुए भी उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन को बिजली चोरी की सूचनाएं दे सकेंगे और राष्ट्रहित में अपनी इस पहल से बिजली चोरी करने वालों को भी पकड़वा सकेंगे। बिजली मित्र लिंक को यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर शुरू किया है। पूर्व में बिजली चोरी करने वालों की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता का नाम प्रकाश में आ जाता था और फिर उसके साथ शिकायत करने की एवज में विवाद खड़ा हो जाता था। इस कारण पॉवर कारपोरेशन की पहल पर बिजली चोरी की शिकायत करने वालों में कमी आ रही थी। विभाग की ओर से शुरू पहल से आने वाले दिनों में सार्थक परिणाम सामने आने की फिर से उम्मीद जगी है।

हालांकि विभागीय टीम द्वारा समय-समय पर अभियान चलाते हुए बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कस रहा है, लेकिन इस संबंध में पॉवर कारपोरेशन के अधिकारियों को अधिक सूचना नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक बार फिर पॉवर कारपोरेशन ने अपने सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए बिजली मित्र लिंक बनाया है। इस लिंक पर भविष्य में शिकायतकर्ता बिजली चोरी करने वालों की शिकायत आसानी से दर्ज करा सकेगा। इसके लिए उसे कारपोरेशन की वेबसाइट के होमपेज पर जाकर बिजली मित्र लिंक का इस्तेमाल करना होगा। इस लिंक पर शिकायत दर्ज कराने वाले शिकायतकर्ता के नाम को गोपनीय रखा जाएगा। अधीक्षण अभियंता एसके निर्मल ने बताया कि इस लिंक के माध्यम से अब बिजली चोरी करने वालों पर फिर से शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इस लिंक के माध्यम से जिले से काफी बिजली चोरी की सूचना मिलने की उम्मीद है।

# शुकतीर्थ में बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**भोपा, 05 मई (बु.)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर दूरदराज क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगाजी में डुबकी लगाई तथा विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रसाद भी चढ़ाया। नगरी के गंगा घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने शुकदेव मंदिर, हनुमद्धाम, गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, गंगा मंदिर, पांडव कालीन पार्वती मंदिर, अखंड धाम, नव ग्रह शनि धाम आदि में पूजा-अर्चना की। प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा। प्राचीन दंडी आश्रम, श्री महेश्वर आश्रम, महाशक्ति सिद्ध पीठ, रामानुज कोट आश्रम, मां पीतांबरा धाम, साकेत धाम, गीता धाम, उदासीन निर्वाण आश्रम, खिचडी वाले बाबा का आश्रम आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नगरी के गंगा घाट व विभिन्न मंदिरों में पुलिस की डयूटी लगाई गई। प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी, एसएसआई एसएन दहिया, पुलिस चौकी प्रभारी ललित कुमार पुलिस बल के साथ नगरी में घूमते रहे।



# 24 घंटे में 3 राज्यों में भारी बारिश की आशंका, कुल्लू में भारी बारिश के चलते लैंड स्लाइड

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** भारत के मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटों में केरल समेत 3 राज्यों में भारी बारिश की आशंका है। 13 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू कश्मीर और हिमालय के कुछ इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं, अन्य राज्यों में मौसम साफ रहने का अनुमान है। केरल, तमिलनाडु और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 13 राज्य- सिक्किम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। 15 दिन से जारी बेमौसम बारिश से देश के 18 राज्यों में फल और सब्जी की फसलें प्रभावित हुई हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में प्याज की फसलों को बड़ा नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश में आलू और पंजाब, दिल्ली समेत अधिकांश राज्यों में हरी सब्जियों की फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, हरी सब्जियों की फसलें बड़े पैमाने पर खराब हुई हैं। इससे इनके दामों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। अंगूर की अंतिम फसल खराब होने का असर बाजारों में किशमिश के दामों पर दिखेगा। आलू-प्याज का नुकसान सब्जियों जितना नहीं है। पिछले 15 दिनों से हो रही बारिश आम की पैदावार 15% तक घटाएगी। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश की आशंका जताई है। दिल्ली में 122 साल में तीसरी सबसे सर्द सुबह गुरुवार को दिल्ली में 122 साल के इतिहास में मई के महीने में तीसरी सबसे ठंडी सुबह देखी गई। यह आंकड़ा इसलिए क्योंकि 1901 से भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मौसम का रिकॉर्ड रखना शुरू किया था। 26 अप्रैल के आसपास एक तेज पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिसटर्बेंस ने हिमालय क्षेत्र को प्रभावित किया है। इसकी वजह से न केवल देश के पहाड़ी इलाकों में बल्कि मैदानी इलाकों में भी लगभग हफ्ते भर बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट देखी गई। कुछ साइंटिस्ट के मुताबिक, अल नीनो की वजह से भी मौसम में ऐसे बदलाव देखे जाते है। अल नीनो आमतौर पर अप्रैल और मई के दौरान प्री-मानसून बारिश में एक बड़ा नेचुरल बदलाव लाता है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, अल नीनो जुलाई के अंत तक 60 फीसदी और सितंबर के अंत तक 80 फीसदी की आशंका के साथ उभर सकता है। इसका असर पूरी दुनिया के जलवायु और मौसम के पैटर्न पर होगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी क्ष्टऊके सीनियर साइंटिस्ट राजेंद्र कुमार के मुताबिक, यह पूरी तरह से असामान्य नहीं है, लेकिन बहुत आम भी नहीं है। मौसम में ऐसा बदलाव कई सालों में एक बार होता है। यह एक एक्टिव पश्चिमी मिड एल्टिट्यूड वेदर सिस्टम था, जो बहुत तीव्र था। इसका प्रभाव मैदानी इलाकों में देखा गया था। लगातार हुई बारिश ने तापमान को काफी नीचे ला दिया है।

# भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन हुआ

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बुस.)।** श्री सनातन धर्म सभा रजि. श्री संकीर्तन भवन नई मंडी के 71वें वार्षिकोत्सव पर श्रीराम कथा का आयोजन 27 अप्रैल 2023 को पंडित खुशीराम द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी व पं. राजीव पांडेय द्वारा हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ । कथा व्यास राघवेंद्र शास्त्री के श्रीमुख से भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। 2 मई 2023 को पं. शेखर शास्त्री द्वारा श्री तिरुपति बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना की गई। 3 मई 2023 को भगवान श्री राधाकृष्ण जी की पूजा-अर्चना पं.सतीश द्वारा, मां भगवती दुर्गा की पूजा-अर्चना पंडित बालकृष्ण द्वारा व भगवान शंकर की पूजा, पं. खुशीराम एवम पं. राजीव पांडेय द्वारा सामूहिक रूप से की गई। 4 मई 2023 की शाम को भजन संध्या का हरिनाम संकीर्तन के साथ बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया। आज 5 मई 2023 को श्री संकीर्तन भवन में महाप्रसाद भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनय गोयल, मंत्री देवेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भारतिया, उपाध्यक्ष अरुण खंडेलवाल, रविंद्र बंसल, ललित महेश्वरी, अनिल गोयल, साधुराम, जगदीश तायल, मनोज सिंघल, जय प्रकाश, प्रवीन बंसल, रामनिवास, हरिशंकर मूंदड़ा, अशोक गोयल, अमित मित्तल, नीरज आदि का विशेष योगदान रहा।



## क्या घाटी में पहुंच रही तालिबान के कब्जे वाली यूएस एम-16, एम-4 राइफलें

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद 'नाटो' सेनाओं के अनेक हथियार और गोला-बारूद वहीं पर छूट गए थे। तालिबान के कब्जे में आए वे घातक हथियार, अब पाकिस्तान के रास्ते जम्मू-कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। इस आशंका ने भारत की सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। गत दिनों पुंछ में हुए हमले की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि तालिबान के पास मौजूद अमेरिकन एम16 राइफल व एम4 कार्बाइन जैसे हथियार, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' और 'जैश-ए-मोहम्मद' के हाथ लगे हैं। हालांकि अभी इनकी संख्या तय नहीं है। इनके अलावा अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुई 'स्टील बुलेट' पहले से ही घाटी में मौजूद हैं। अफगानिस्तान से नाटो सैनिकों के वापस लौटने के बाद '85 बिलियन डॉलर' के एयरक्रॉफ्ट, बख्तरबंद गाड़ियां, रॉकेट डिफेंस सिस्टम, मशीन गन और असॉल्ट राइफल सहित भारी मात्रा में गोला बारूद पर तालिबान का कब्जा हो गया था। हालांकि अमेरिका ने दावा किया था कि उसने तालिबान के हाथ लगे अपने अत्याधुनिक एयरक्रॉफ्ट, बख्तरबंद गाड़ियां व रॉकेट डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया है। अफगानिस्तान में '4 सीब-130 ट्रांसपोर्ट्स, 23 एम्ब्रेयर ईएमबी 314/ए29 सुपर सुकानो, 28 सेसेना 208, 10 सेसेना एसी-208 स्टाइक एयरक्रॉफ्ट' फिक्सड् विंग एयरक्रॉफ्ट बताए गए हैं। इनके अलावा 33 एमआई-17, 33 यूएच-60 ब्लैकहॉक व 43 एमडी 530 हेलीकॉप्टर भी हैं। अमेरिकी 22174-हावे, 634 एमआई 117, 155 एमएक्सएक्स प्रो माइन प्रूफ व्हीकल, 169 एमआई 13 आर्म्ड पर्सनल केरियर, 42000 पिक अप ट्रक एंड एसयूवी, 64363 मशीन गन, 8000 ट्रक, 162043 रेडियो, 16035 नाइट गॉगल, 358530 असॉल्ट राइफल, 126295 पिस्टल और 176 आर्टलरी पीस भी तालिबान के कब्जे में बताए गए हैं।

आवश्यकता है
वॉलपेपर की दुकान और रेस्टोरेंट में
लड़के और लड़कियों
की आवश्यकता है।
लड़कों के लिए बाईक चलाना अनिवार्य है।
वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क करें
इटालियन बाइट पिज्जा
विश्वकर्मा चौक मुजफ्फरनगर
मो. 8650343422, 9045458400

आवश्यकता है
रॉयल इनफिल्ड
(बुलेट शोरूम)
के लिए
1 सेल्स एक्जीक्यूटिव
(मेल अनुभवी) की
आवश्यकता है।
फ्रेन्डज ऑटोटेक प्रा.लि.
प्लॉट नं. 4, निकट द्वारिका सिटी,
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर।
सम्पर्क करें
मो. : 8171777707

दुकान बिकाऊ है
8 x 33 फीट (28 गज)
साईज में बनी दुकान
छत सहित बिकाऊ है।
हार्डवेयर, प्लाईवुड,
पेन्ट्स और
सेनेट्री आदि व्यवसायों
के लिए उपयुक्त
लोहिया बाजार वाली गली,
बजरंग हार्डवेयर के सामने,
निकट मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें :- पियूष जैन
9837609309

## भारी मतों से जीतेंगे गठबंधन प्रत्याशी : पुष्पेंद्र त्यागी

**मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)।** निकाय चुनाव समाप्त होने के बाद मुजफ्फरनगर समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बोबी इंद्रलोक ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी लवली शर्मा भारी मतों से जीतेंगे। कच्ची सड़क स्थित महानगर अध्यक्ष के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक चुनाव समाप्त होने के बाद हुई, जिसमें श्री त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का धन्यवाद किया और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा ने नगर निकाय चुनाव हर वर्ग को साथ लेकर लड़ा। पार्टी के बड़े नेताओं के निर्देश पर कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने चुनाव में पूरी मेहनत की। पुष्पेंद्र त्यागी ने कहा कि उन्हें हर समाज का समर्थन मिला और देवतुल्य जनता ने हमें अपना वोट भी दिया। उन्होंने कहा कि भारी मतों से लवली शर्मा जीतेगी। बैठक में आदित्य त्यागी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित है।

# नगर के मरीज को घुटनों के दर्द से मिला छुटकारा, सफल हुई रिप्लेसमेंट सर्जरी

**मुजफ्फरनगर, 5 मई (बुस.)।** घुटने के दर्द से जुड़े इलाज के लिए अब नए-नए एडवांस तरीके आ गए हैं, जिनके चलते नी-रिप्लेसमेंट जैसी प्रक्रिया मरीजों के लिए गेम चेंजर साबित हो रही हैं। खासकर, उन लोगों को एडवांस रिप्लेसमेंट तकनीक से ज्यादा लाभ पहुंचा है, जिन्हें घुटने के जोड़ों में गंभीर ऑस्टियोअर्थराइटिस की शिकायत रहती है। इसी के मद्देनजर लोगों को अवेयर करने और टाइम पर सही इलाज कराने के मकसद से मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वैशाली, गाजियाबाद ने आज शहर में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वैशाली में ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निकुंज अग्रवाल मौजूद रहे। साथ ही 68 वर्षीया मरीज दर्शना अरोड़ा भी यहां मौजूद रहीं, जिनका नी-अर्थराइटिस का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। 68 वर्षीया महिला मरीज दर्शना अरोड़ा गंभीर घुटने के दर्द से पीड़ित थीं, उनके दोनों घुटने के जोड़ों में परेशानी थी। हालात इतने चिंताजनक थे कि वो थोड़ी सी दूरी चल पाने में भी सक्षम नहीं थीं और रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पा रही थीं। उन्होंने सभी तरह के परंपरागत इलाज कराए, दवाई खाई, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद वो मैक्स हॉस्पिटल वैशाली पहुंचीं। उन्हें बहुत ही ज्यादा दर्द था और घुटने मोड़ पाने में भी काफी दिक्कत हो रही थी। मरीज की गहन



जांच-पड़ताल की गई, एक्स-रे कराया गया। जांच में पता चला कि उन्हें दोनों घुटनों में गंभीर ऑस्टियोअर्थराइटिस है। मरीज को नी-रिप्लेसमेंट के फायदे बताए गए। इस तरह के मामलों में टोटल नी-रिप्लेसमेंट ही सबसे बेहतर व अंतिम उपाय बचता है। महिला मरीज को बात समझ आई और वो इसके लिए तैयार हो गईं। डॉ. निकुंज अग्रवाल ने इस केस के बारे में आगे बताया, मरीज को सर्जरी से एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद सेम सिटिंग में ही मॉडर्न तकनीक के जरिए कंप्यूटर नेविगेटेड मिनिमली इनवेसिव बाइलेटरल टोटल नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई और सर्जरी सफल रही और अगले ही दिन से मरीज ने आराम से चलना स्टार्ट कर दिया। सर्जरी के दो हफ्तों के अंदर महिला बिना किसी की मदद और स्टिक के ही खुद से चलने-फिरने लगी। मैक्स अस्पताल वैशाली में ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निकुंज अग्रवाल ने आगे बताया, टोटल नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में हुई तरक्की मरीजों के लिए वरदान बन गई है, खासकर उन मरीजों के लिए जिनका घुटने के अर्थराइटिस की वजह से चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। आमतौर पर इस तरह की दिक्कतें मरीज की लापरवाही से ही होती हैं। शुरूआत में जोड़ों का दर्द ज्यादा दिक्कत नहीं देता है, लेकिन गुजरते वक्त के साथ कंडीशन बिगड़ती जाती है और दर्द भी गंभीर होता रहता है, जब ऐसे हालात आ जाते हैं, तब ही मरीज डॉक्टर की तरफ रुख करते हैं। हाल के वक्त में नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में जो एडवांसमेंट हुए हैं। उनके रिजल्ट बहुत अच्छे आ रहे हैं। आर्थोप्लास्टी एक बहुत ही शानदार तकनीक से किया जाने वाला इलाज है, जिसके रिजल्ट 99.9% तक आते हैं और इंप्लांट जोड़ों की उम्र व फंक्शनिंग काफी बेहतर रहती है। इस प्रक्रिया से मरीजों को स्टेबल, दर्द रहित और अच्छे से फंक्शन करने वाले जॉइंट तो मिलते ही हैं, साथ ही उनकी जिंदगी में भी सकारात्मक सुधार आता है। इस सत्र के माध्यम से मैं ये बताना चाहता हूं कि समय पर रोग की स्क्रीनिंग कराई जाए, ताकि वक्त पर बीमारी का पता चल सके। खासकर, 55 साल की उम्र के बाद ऐसी किसी भी समस्या को अनदेखा न करें। नी-रिप्लेसमेंट की ये मिनिमली इनवेसिव तकनीक इलाज को काफी सुगम और सुरक्षित बनाती हैं। मरीज को अस्पताल में कम वक्त रुकना पड़ता है और रिकवरी भी बहुत तेजी से होती है। इसके अलावा मरीज को पूरे तरह से संतुष्टि मिलती है। पिछले वर्षों में इस तरह की समस्याओं से पीड़ित काफी मरीजों की मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई है।

## राजौरी एनकाउंटर में 5 जवान शहीद

**श्रीनगर, 5 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ में सेना के 5 जवान शहीद हो गए हैं। सुबह दो जवान मुठभेड़ में शहीद हुए, वहीं घायल हुए तीन और जवानों की दोपहर में मौत हुई। इस तरह शहीदों का आंकड़ा 5 हो गया। एक जवान घायल है। एनकाउंटर शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुआ तब से जारी है। सेना से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों ओर से फायरिंग जारी है। इसी दौरान आतंकियों के ब्लास्ट में आर्मी जवान शहीद हुए। सूत्रों से यह जानकारी भी मिली है कि सेना ने दो से तीन आतंकवादियों को घेर लिया है। ये वही आतंकी बताए जा रहे हैं, जो पुंछ में सेना के ट्रक पर अटैक में शामिल थे। न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह और एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह एनकाउंटर साइट पर पहुंच गए हैं। राजौरी में एनकाउंटर गोवा के पणजी में चल रही एसडब्ल्यू मीटिंग से पहले शुरू हुआ। इस मीटिंग में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए। इसमें जयशंकर ने भुट्टो के सामने कहा- आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आर्मी ने बताया कि यह ऑपरेशन 3 मई को शुरू हुआ था। राजौरी में कांडी के जंगलों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। यहां सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया। शुक्रवार सुबह 7:30 बजे सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच फायरिंग शुरू हुई। आतंकवादी एक गुफा के भीतर छिपे हुए थे। जिस इलाके में आतंकवादी छिपे हैं, वहां काफी पेड़-पौधे और पहाड़ियां हैं।

## शरद पवार ने 4 दिन में इस्तीफा वापस लिया

**मुंबई, 5 मई (एजेंसी)।** 2 मई को एनसीपी का अध्यक्ष पद छोड़ने वाले शरद पवार ने 4 दिन में ही यानी अपना इस्तीफा वापस ले लिया। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। पवार ने कहा- मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की भावनाओं का अपमान नहीं कर सकता। मैं कोर कमेटी में लिए गए फैसले का सम्मान करता हूं और अपना फैसला वापस लेता हूं। हालांकि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से अजित पवार दूर रहे। आज सुबह 11 बजे पार्टी कोर कमेटी की मुंबई में मीटिंग हुई थी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने पवार का इस्तीफा खारिज करने के लिए प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद कमेटी के बाकी मेंबर्स ने भी इसका समर्थन किया। पटेल करीब 12 बजे मीडिया के सामने आए और फैसले की जानकारी दी। इसके बाद सभी नेता पवार के घर अपने फैसले की जानकारी देने पहुंचे। साढ़े पांच घंटे बाद यानी शाम साढ़े पांच बजे शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और अपना इस्तीफा वापस लेने की घोषणा की। हालांकि इस दौरान उनके भतीजे और महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार मौजूद नहीं थे। पवार से जब इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि सभी नेता एकजुट हैं। पवार ने अपने इस्तीफे के बाद नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कोर कमेटी बनाई थी। कमेटी की शुक्रवार को मुंबई में मीटिंग हुई थी। मीटिंग में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने पवार का इस्तीफा खारिज करने के लिए प्रस्ताव पेश कर उनसे फैसला वापस लेने का अनुरोध किया था। कमेटी के बाकी सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और पवार का इस्तीफा नामंजूर कर दिया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लगातार विरोध के बाद शरद पवार भी कह चुके थे कि नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, उन्हें वह मंजूर होगा।

## केरल हाईकोर्ट का द केरल स्टोरी पर रोक से इनकार

**तिरुवनंतपुरम, 5 मई (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को फिल्म द केरल स्टोरी की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा- फिल्म इस्लाम के खिलाफ नहीं है, आईएसआईएस पर है। ट्रेलर में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वहीं, प्रोड्यूसर ने दलील दी कि यह फिल्म 32,000 नहीं, 3 महिलाओं की कहानी है। हाईकोर्ट ने कहा, 'केरल का धर्मनिरपेक्ष समाज फिल्म को उसी रूप में देखेगा, जैसी वह है। फिल्म एक कथा है न कि इतिहास, तो समाज में सम्प्रदायवाद और संघर्ष कैसे पैदा करेगी? सिर्फ फिल्म दिखाए जाने से कुछ नहीं होगा। फिल्म में आपत्तिजनक कुछ भी नहीं है।' कोर्ट ने कहा, 'यह कहने में क्या गलत है कि अल्लाह ही एक भगवान है? हमारा देश नागरिकों को अपने धर्म और भगवान पर विश्वास करने का अधिकार देता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि ट्रेलर में क्या आपत्तिजनक था?' देश में फ्रीडम ऑफ स्पीच नाम की भी कोई चीज है। फिल्म कलाकारों के पास कलात्मक स्वतंत्रता होती है। हमें उसे भी बैलेंस करना होगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि फिल्म में ऐसा क्या है जो इस्लाम के खिलाफ है? किसी धर्म के खिलाफ कोई आरोप नहीं है, बल्कि केवल आईएसआईएस संगठन के खिलाफ है। फिल्म निमार्ताओं ने ट्रेलर में ही बता दिया है कि यह फिल्म काल्पनिक है। अगर फैक्ट की बात करें तो भूत नाम की कोई चीज नहीं होती, लेकिन कई फिल्में भूतों को लेकर बनाई जा रही हैं। साथ में कोर्ट ने कहा कि ऐसी कई फिल्में बनाई गई हैं, जिनमें हिंदू सन्यासियों को तस्कर और बलात्कारी के रूप में दिखाया गया है। फिर भी कोई कुछ नहीं कहता। बहुत पहले एक फिल्म बनी थी, जिसमें एक पुजारी एक मूर्ति पर थूकता है और इससे किसी को कोई समस्या नहीं हुई। क्या आप कल्पना कर सकते हैं? बाद में इसी फिल्म को फेमस अवॉर्ड भी दिया गया।

## पाकिस्तानी विदेश मंत्री की मौजूदगी में जयशंकर, बोले- सीमापार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

**पणजी, 5 मई (एजेंसी)।** गोवा के पणजी में शुक्रवार को विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद की बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एससीओ के सदस्य देशों को विदेश मंत्रियों का स्वागत किया। इस बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी भारत पहुंचे हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले भारतीय विदेश मंत्री ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री का स्वागत किया। एससीओ की बैठक के दौरान अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से पाकिस्तान को निशाने पर लिया। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का कहर जारी है। हमारा ये मानना है कि किसी भी तरह से आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता और इसे रोका जाना चाहिए। इसमें सीमा पार से आतंकवाद और अन्य सभी तरह का आतंकवाद शामिल है। एससीओ की बैठक का मूल उद्देश्य आतंकवाद से मुकाबला है।

## द केरल स्टोरी को यूपी में टैक्स फ्री करने की मांग

**लखनऊ, 5 मई (एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में द केरल स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग उठने लगी है। हिन्दू महासभा ने सीएम योगी आदित्यनाथ से इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है। इसके साथ ही इंटर तक की छात्राओं को फ्री में फिल्म दिखाने की मांग की है। वहीं सोशल मीडिया से लेकर खबरों तक काफी सुर्खियां बंटोर रही इस फिल्म ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस फिल्म को लेकर कम्युनिस्टों और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोल दिया है। केशव ने ट्वीट कर लिखा 'द केरल स्टोरी' लव जिहाद व आतंकवाद के साथ-साथ कम्युनिस्टों और कांग्रेस की काली करतूतों की भी कहानी है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि द केरल स्टोरी फिल्म यह जनता से जुड़ा हुआ एक सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने कहा जिस प्रकार से केरल को इस्लामिक स्टेट बनाने का प्रयास करके वहां पर हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण करा गया। उन्होंने दावा किया कि वहां पर 30,000 से ज्यादा हिंदू ईसाई लड़कियों का धर्मांतरण कराया गया है। लव जिहाद के माध्यम से वहां पर एक इंटरनेशनल साजिश के तहत उसे अमलीजामा पहनाया गया है। यूपी में भी लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं इसलिए अब यूपी सरकार से मांग करते हैं कि इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए।

## द केरल स्टोरी को मिली उम्मीद से भी बढ़िया ओपनिंग

मुंबई, 5 मई (एजेंसी)। शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर तीन नई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें सबसे अच्छी ओपनिंग जहां 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी 3' को मिली है, वहीं विवादों के बीच रलीज हुई 'द केरल स्टोरी' को उम्मीद से बढ़िया ओपनिंग नसीब हुई है। हालांकि, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर की 'अफवाह' की हालत बहुत अच्छी नहीं है। विवादों के बीच रिलीज हुई 'द केरल स्टोरी' को बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से भी बढ़िया ओपनिंग मिली है। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की शुरूआत पिछले दिनों रिलीज 'सर्कस', 'भेड़िया' और 'शहजादा' जैसी फिल्मों के जैसी है। केरल में तीन लड़कियों के धर्म परिवर्तन और उनका ब्रेनवॉश कर उन्हें आईएसआईएस में भर्ती किए जाने की यह कहानी दर्शकों को रिझाती हुई नजर आ रही है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी अक्षय कुमार की 'सेल्फी' जैसी रही है। ऐसे में ओपनिंग डे पर यह फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' से भी बढ़िया कमाई करती हुई नजर आ रही है। 'द केरल स्टोरी' पर विवाद और विषय को देखते हुए 'द केरल स्टोरी' की तुलना विवेक अग्नहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' से हो रही है। ओपनिंग डे का हाल देखकर यही लग रहा है कि अदा शर्मा की यह फिल्म बढ़िया बिजनस करेगी। पिछले साल इसी तरह 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर भी विवाद हुआ था। अनुपम खेर और दर्शन कुमार जैसे सितारों से सजी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। हालांकि, इसके बाद इस फिल्म को लेकर देश में एक अलग ही माहौल देखने को मिला। सिनेमाघरों से लेकर राजनीतिक मंचों पर जमकर नारेबाजी हुई और 'द कश्मीर फाइल्स' की कमाई आसमान छूने लगी। फिलहाल 'द केरल स्टोरी' को लेकर ऐसा कोई माहौल तो नहीं है, लेकिन ओपनिंग डे पर यह फिल्म 5-7 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन करती हुई नजर आ रही है। 'द केरल स्टोरी' ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग से करीब 1.10 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। जबकि शुक्रवार को सिनेमाघरों में मॉर्निंग शोज में करीब 18% और दिन के शोज में 25% से अधिक सीटें भरी हुई नजर आईं। शाम के शोज में दर्शकों की संख्या और बढ़ेगी ये तय है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि 5 मई को बुद्ध पूर्णिमा की आंशिक छुट्टी है और इसका फायदा भी फिल्म को मिला है।

## गृह कलेश में महिला ने जहर खाकर जान दी

**बुढ़ाना, 05 मई (बु.)।** गृह कलेश के चलते एक महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर अपनी जान दे दी। मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है। उधर दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस को सूचना दिए बिना शव को परिजनों द्वारा सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाड़ा रोड के आसपास की निवासी एक 48 वर्षीया महिला खतीजा सैफी (बदला हुआ नाम) ने आज शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे किसी बात पर घर में रखे जहर का सेवन कर लिया, जहां पर उसकी हालत बिगड़ने पर उसको स्थानीय चिकित्सक के यहां पर ले जाया गया, जहां पर उसको गंभीर हालत में बेगराजपुर स्थित एक हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उधर महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। बताया जाता है कि इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गई है। उधर दूसरी ओर परिजनों ने महिला के शव को आनन फानन में कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। आत्महत्या करने वाली उक्त महिला ने जहर खाकर क्यों आत्महत्या की है और इसका क्या कारण रहा है इसका भी कोई पता नहीं चल पाया है, जबकि मोहल्ले में इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा व्याप्त है।

### शहर हुआ फेल....

इन गांवों से आए रहे वोटिंग ट्रेंड भी अलग-अलग तरह के दावे कर रहे हैं। इससे चुनावी नतीजों की तस्वीर और धुंधली होती जा रही है। इस बाद चुनावों में किसी प्रकार का सांप्रदायिक विभाजन ना होने के कारण भाजपा जहां कुछ मुस्लिम वोटों को लेकर काफी आश्वस्त है, वहीं समाजवादी पार्टी की ओर से गठबंधन की बदौलत भाजपा के वोट बैंक में बड़ी सेंध का दावा किया जा रहा है। जाट, दलित और यहां तक कि ओबीसी व राजपूत वोटरों में भी विभाजन की बातें तो खूब हैं, लेकिन यह विभाजन कितना किसके पक्ष में है, इसका कोई स्पष्ट अनुमान नहीं है। जाहिर है कि अब इस बात का महत्व बहुत बढ़ गया है कि मुख्य मुकाबले के उम्मीदवारों के अलावा बसपा और कांग्रेस के पक्ष में कितने वोट जाते हैं और इससे किस मुख्य उम्मीदवार को नुकसान पहुंचता है। संकेत यह हैं कि मुख्य मुकाबले में रही भाजपा और सपा दोनों प्रत्याशियों को लगभग हर वर्ग व संप्रदाय का वोट मिला है। बस इसका अंदाजा नहीं हो पा रहा है कि एक दूसरे का बेस वोटर माने जा रहे मतदाताओं में किसने कितनी सेंध लगाई है। यहीं आकर चुनावी चिंतकों के दावे रुक जाते हैं। यहीं राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के दिल धक-धक कर रहे हैं।

### 7 को पहलवानों के समर्थन में धरने पर पहुंचेगी भाकियू

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि खाप पंचायतें पहलवानों का समर्थन करने के लिए सात मई को दिल्ली में धरने में शामिल होगी। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने हरियाणा से लौटते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 344 पर सरसावा बाईपास के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट पर रुके। जहां उन्होंने अमर उजाला से बात करते हुए धरने पर बैठे पहलवानों के लिए सरकार से न्याय की मांग की। राकेश टिकैत ने कहा कि धरने पर बैठे पहलवान किसी लोभ लालच के लिए नहीं बल्कि न्याय के लिए धरना दे रहे हैं। इन पहलवानों ने देश के लिए मेडल जीतकर शान बढ़ाने का काम किया है। राकेश टिकैत ने बताया कि वे हरियाणा की खाप पंचायतों से मुलाकात कर वापस लौट रहे हैं। ये खाप पंचायतें जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में सात मई को धरने में शामिल होंगे। राकेश टिकैत कहा की न्याय के लिए जंतर मंत्र पर बैठे पहलवानों की सरकार द्वारा अनदेखी की जा रही है। भाकियू धरने पर बैठे पहलवानों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति धरने पर बैठकर निर्धारित की जाएगी।

# जल्द शिमला फिर से बनेगा मुजफ्फरनगर

- चार दिन में दस डिग्री बढ़ा पाराः पहुंचा 32 डिग्री
- आज भी कुछ स्थानों पर छिटपुट बारिश के आसार



**मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)।** बारिश के बाद पश्चिम विक्षोभ का खुमार धीरे-धीरे उतर रहा है। इसके चलते चार दिन में दिन का तापमान दस डिग्री तक बढ़ गया है। ऐसे में आज गर्माहट का अहसास बढ़ा। ऐसे में आज दिन का तापमान बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंच गया। दो अप्रैल को यह 22 डिग्री था। मौसम विभाग की मानें तो अब पारा धीरे-धीरे बढ़ता रहेगा। जल्द ही शिमला फिर से मुजफ्फरनगर बनता नजर आएगा।

शहर में आज दिन में ठंडी हवाओं के धीमे होने और धूप में गर्माहट बढ़ने के बाद फिर से गर्मी बढ़ने से पंखों ने गति पकड़ ली। ऐसे में आज अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते रात में और सुबह ठंडक थी, लेकिन धूप के कड़क होते ही मौसम गर्मा गया। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के असर से बने सुहावने मौसम का दौर अब खत्म होने जा रहा है। इस कारण से अब तापमान चढ़ने लगा है। अगले सप्ताह तक तापमान और बढ़ने की संभावना है। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण तापमान नीचे आ गया था। हालांकि अभी भी छह व सात मई को हल्की बूंदाबांदी व तेज धूल भरी हवा चलने की संभावना है। लेकिन इससे तापमान में मामूली सी गिरावट ही होगी। आठ मई से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी। तापमान बढ़ने से मई वाली गर्मी का अहसास होगा। पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ और मैदानी इलाकों में इसकी सहायक प्रणाली के परिणामस्वरूप उत्तर भारत में अगले 2-3 दिनों तक छिटपुट बारिश, बूंदाबांदी और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। सप्ताहांत में इस गतिविधि का विस्तार एनसीआर तक पहुंच सकता है, भले ही हल्का और उथला हो। अगले सप्ताह उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कोई भी सक्रिय मौसम प्रणाली विहीन रहेगी। बाद में, बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो रहे तूफान देश के बड़े हिस्से में मौसम की स्थिति में थोड़ा बदलाव आ सकता है। मई के दूसरे और तीसरे हफ्ते में लू और तपिश झेलनी पड़ सकती है।



मेरठ में चुनावी रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री



राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की अगवानी

# मुजफ्फरनगर में किसी की हत्या की सुपारी ली थी दुजाना ने ?

**मेरठ, 5 मई (एजेंसी)।** कुख्यात अनिल दुजाना यूपी एसटीएफ की एक ही गोली से ढेर हो गया। गोली अनिल दुजाना के सीने से आरपार हो गई। एसटीएफ की तरफ से हुई जबावी फायरिंग में एक गोली ने अनिल दुजाना का खात्मा कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। मेरठ मोर्चरी में दुजाना के शव का पोस्टमार्टम किया गया था। पुलिस के अनुसार उसने मुजफ्फरनगर में किसी की हत्या की सुपारी ली थी। इसके लिए वह जा रहा था कि पुलिस ने घेर लिया। अनिल दुजाना बृहस्पतिवार दोपहर एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हो गया। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसके शव को मेरठ मोर्चरी में लाया गया। मोर्चरी में अन्य कागजी कार्रवाई पूरी न होने के कारण गुरुवार को दुजाना का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार को डॉक्टरों की टीम ने अनिल दुजाना का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद दुजाना की डेडबॉडी को परिजनों को सौंपा गया। अनिल दुजाना के भाई ओमप्रकाश और परिजन उसका शव लेने मेरठ मोर्चरी पहुंचे। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसके शव को परिवार को सौंप दिया गया। यहां से परिजन शव पैतृक गांव दुजाना लेकर चले गए। वहां पर उसके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### दोनों हाथों से गोलियां चलाता था दुजाना

मेरठ। कुख्यात अनिल दुजाना वारदातों में प्रतिबंधित बोर के हथियारों का इस्तेमाल करता था। जब वो जेल से बाहर था तो उसके गैंग के पास एके 47 और .30 बोर, नाइन एमए जैसे प्रतिबंधित बोर वाले हथियार थे। वो दोनों हाथों से पिस्टल चलाता था। वहीं, बृहस्पतिवार को भी एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में उसने दोनों हाथों से गोलियां चलाई लेकिन, इस बार उसका दिन नहीं था। वो मारा गया। अनिल दुजाना के पास से जो एक .30 बोर की चाइना स्टार पिस्टल मिली है, वह बेहद खतरनाक मानी जाती है। बताया गया कि चाइना स्टार पिस्टल भारत, पाकिस्तान सहित विश्व के करीब 15 देशों में मिलती है। इसे 1954 में पहली बार चीन की सेना को सौंपा गया था। इसके बाद चीनी सेना ने वियतनाम युद्ध में स्टार पिस्टल का प्रयोग किया था। इस पिस्टल का वजन करीब 890 ग्राम है। कई बड़े गैंगस्टर की भी पसंद चाइना स्टार पिस्टल रही है।

# दंगे खत्म होने से तमंचावादी परेशानः योगी

**मेरठ, 5 मई (एजेंसी)।** निकाय चुनाव प्रचार के लिए मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिमखाना मैदान में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी हरिकांत आहलूवालिया व पार्षदों के लिए क्रांतिधरा मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज मेरठ की नई पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि दंगे खत्म होने से तमंचावादी परेशान हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में कानून का राज है। वहीं उन्होंने कहा कि मेरठ आज नई पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की पहचान विकास है। सीएम योगी ने कहा अब कांवड़ यात्रा यूपी की पहचान है। साथ ही कहा कि अब माफिया नहीं महोत्सव यूपी की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर योजना को बिना भेदभाव के पूरा कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के लिए लोगों में उत्साह है। कहा कि 2017 से पहले यूपी में किसानों को छला जाता था। उन्होंने कहा कि आज मेरठ में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में आज हर व्यक्ति को उसका हक मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में कर्फ्यू लगता था। लेकिन 2017 से बाद से यूपी में एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा है।



उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज यूपी का विकास तेजी से हो रहा है।हापुड़ में दिल्ली रोड स्थित एसएसवी इंटर कालेज में नगर निकाय चुनाव के लिए चारों सीटों के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां दूसरे चरण में 11 मई को मतदान होना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पेशेवर अपराधियों और माफियाओं के हाल तो आप देख ही रहे हैं। प्रदेश की जनता सुरक्षित है। परिवादी और तमंचावादी परेशान हैं। आप 2017 से पहले के प्रदेश को याद करें तो पहले पर्व और त्यौहार से पहले कर्फ्यू लग जाता था, आज धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। 2017 से पहले प्रदेश दंगा प्रदेश था। लेकिन पिछले छह वर्ष में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। पहले व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती थी, धमकियां दी जाती हैं। आज आम आदमी सीना तानकर चलता है और अपराधी और माफिया तख्ती डालकर चलते हैं। आज व्यापारियों को रंगदारी देनी नहीं पड़ती। हमने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से दस लाख का बीमा दिया है। अपराधी सिर झुकाकर चलते हैं और जान की भीख मांगते हैं। अब उत्तर प्रदेश पहले वाला उत्तर प्रदेश नहीं है, वह पूरे देश का पेट भरने की सामर्थ रखता है। आज उत्तर प्रदेश अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्रदेश का नागरिक आज बाहर जाता है गर्व से सीना तानकर कहना है कि मैं उत्तर प्रदेश का नागरिक हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को प्रदेश में लागू करके विकास किया है। 2017 से पहले हमारे नगरों में कूड़े के ढेर लगे रहते थे, शोहरों का आतंक था। लेकिन आज हमारे शहर स्मार्ट सिटी बन गए हैं। विरोधियों ने युवाओं के हाथों में तमंचा थमाया था, हमने टेबलेट दिए हैं। वहां पहुंचने प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने उनका हैलीपैड पर स्वागत किया।

# वोटर लिस्ट से सपा विधायक का नाम गायब

**संभल, 5 मई (एजेंसी)। गुन्नौर के सपा विधायक राम खिलाड़ी यादव का नाम भी निकाय चुनाव की मतदाता सूची से काट दिया गया। बबराला निकाय में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए विधायक मतदान नहीं कर सके। उन्होंने सूची में नाम कटने पर नाराजगी जताई है। वही एसडीएम ने उनका नाम ग्राम पंचायत घोंसली की मतदाता सूची में शामिल होना बताया है। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम खिलाड़ी यादव का बबराला के इंद्रा चौक पर रहते हैं। बबराला नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच में उनका घर है। बबराला के इसी वार्ड की मतदाता सूची है। गुरुवार को निकाय चुनाव का मतदान था। वह गुरुवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के कैंप कार्यालय पर अपना मतदाता क्रमांक देखने के लिए पहुंचे, तो मतदाता सूची से उनका नाम ही गायब था। जबकि परिवार के अन्य सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में मौजूद मिले। काफी प्रयास करने के बाद भी मतदाता सूची में विधायक का नाम कहीं भी नहीं मिला। इसके बाद विधायक ने स्वयं भी मतदाता सूची चेक की। मतदाता सूची में कहीं भी नाम न मिलने पर वह निराश होकर वापस लौट आए। इसके बाद विधायक ने मतदाता सूची से नाम गायब होने की एसडीएम से शिकायत की है। मतदाता सूची में मेरा नाम नहीं है। यह प्रशासन की लापरवाही है। विधानसभा मतदाता सूची में मेरा नाम अंकित है और उसी सूची के माध्यम से अपना विधानसभा का नामांकन कराया था। निकाय चुनाव की मतदाता सूची से नाम गायब है।**

### पंजाबः आप के मंत्री पर यौन शोषण का आरोप

चंडीगढ़, 5 मई (एजेंसी)। अश्लील वीडियो में फंसे पंजाब के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और वन मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वीडियो में दिखने वाले पीड़ित युवक ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर आकर मंत्री कटारूचक्क पर यौन शोषण का आरोप लगाया। इसके साथ ही पीड़ित युवक की लिखित शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब कर ली है। आयोग ने इस मामले की जांच का भी फैसला लिया है। इसके साथ ही आयोग ने पीड़ित युवक को सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

## सीएम ने किया खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो का अनावरण, खिलाड़ियों के धरने पर बोले अनुराग ठाकुर

**लखनऊ, 5 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश आज सिर्फ सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य ही नहीं है, बल्कि यहां होने वाला हर आयोजन भी स्वतः ही सबसे बड़ा हो जाता है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तृतीय संस्करण के लिए उत्तर प्रदेश का चयन किया गया है और विश्वास दिला सकता हूं कि यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। 200 विश्विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस आयोजन के भागीदार बनेंगे। उन्हें उत्तर प्रदेश को जानने, समझने और सीखने का भी अवसर प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश की पूरी टीम इनके स्वागत के लिए तैयार है। 25 मई से प्रारंभ होने वाले इन गेम्स के शुभारंभ के लिए भारत सरकार को और सभी राज्यों को सादर आमंत्रित करता हूं कि वो इन आयोजन के भागीदार बनें और अपना मार्गदर्शन दें। ये गेम्स वास्तव में स्पोर्ट्स की एक्टिविटी को अपने युवाओं तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होंगे। यह बातें सीएम योगी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो, मैस्काट, मशाल, एंथम और जर्सी का अनावरण करते हुए कही। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्य व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

### मणिपुर में अब काबू में हालात, ट्रेनों की आवाजाही पर रोक

**इमफाल।** मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के खिलाफ हो रहा विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। कई संगठनों ने बुधवार को आदिवासी एकता मार्च का आह्वान किया, जिसमें हिंसा भड़क गई थी। जहां शुक्रवार सुबह ट्रेनों की आवाजाही पर रोक लगने की जानकारी सामने आई। वहीं भारतीय सेना ने बताया कि अब मणिपुर में हालात नियंत्रण में हैं। सभी कर्मचारियों द्वारा मिलकर कार्रवाई करने से हालात को काबू में लाया जा सका है। भारतीय सेना के अनुसार, वायु सेना ने उ317 ग्लोबमास्टर और अठ 32 वायुयानों से लगातार दो दिन असम में उड़ानें भरीं। प्रभावित क्षेत्रों से सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रात भर उड़ानें भरी गईं। वहीं, चुराचांदपुर और अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च जारी है। बता दें, मणिपुर सरकार ने गुरुवार को आदिवासियों और मेइती समुदाय के बीच बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए अत्यधिक गंभीर मामलों में उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया था। वहीं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर सरकार की सलाह पर ट्रेनों की आवाजाही पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे के अनुसार, हालात जबतक सही नहीं हो जाते हैं, तब तक कोई ट्रेन मणिपुर में प्रवेश नहीं करेगी। वहीं, भारतीय रेलवे ने बताया कि चार ट्रेनों को रद्द किया गया है। यह फैसला फिलहाल दो दिन (5 और 6 मई) के लिए लिया गया है।

# आतंकी अब बम-बारूद के बगैर ही समाज को खोखला कर रहे, कांग्रेस इनकी समर्थकः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**बेंगलुरू, 5 मई (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 4 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर कर्नाटक पहुंचे। ढट पिछले 5 दिनों में 29-30 अप्रैल और 2-3 मई को 12 से ज्यादा जनसभाएं और रोड शो कर चुके हैं। मोदी ने शुक्रवार को तुमकुरु में 14वीं सभा की। इससे पहले दोपहर में बेल्लारी में एक जनसभा में उन्होंने अपनी स्पीच की शुरूआत एक बार फिर बजरंगबली के जयकारे के साथ की। मोदी बोले- कांग्रेस को तो मेरे बजरंगबली बोलने से भी आपत्ति है। प्रधानमंत्री ने केरल स्टोरी फिल्म की भी चर्चा की और कहा- बीते कुछ साल में आतंकवाद का एक और भयानक स्वरूप पैदा हो गया है। आतंकी बम, बंदूक और पिस्तौल के बजाय समाज को भीतर से खोखला कर रहे हैं। केरल स्टोरी कुछ ऐसी ही कहानी पर आधारित है। देश का दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। कर्नाटक का आतंकवाद से मुक्त रहना उतना ही जरूरी है। भाजपा हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है, लेकिन जब भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई होती है कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगता है। मोदी ने कहा- बीते कुछ वर्षों में आतंकवाद का एक और भयानक स्वरूप पैदा हो गया है। बम, बंदूक और पिस्तौल की आवाज तो सुनाई देती है, लेकिन समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिश की कोई आवाज नहीं होती। कोर्ट तक ने आतंक के इस स्वरूप पर चिंता जताई है। ऐसी ही आतंकी साजिश पर बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी' की इन दिनों काफी चर्चा है। कहते हैं कि केरल स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकवादियों की नीति पर आधारित है। देश का दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस आज समाज को तहस-नहस करने वाली इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। ऐसी पार्टी क्या कभी भी कर्नाटक की रक्षा कर सकती है? आतंक के माहौल में यहां के उद्योग, क्ळ इंडस्ट्री, खेती, किसानी और गौरवमयी संस्कृति सब कुछ तबाह हो जाएगी। पीएम ने कहा- अभी सूडान में गृहयुद्ध की स्थिति है। हमारे हजारों भारतीय भाई-बहन सूडान में फंस गए थे और उसमें हमारे कर्नाटक के भी सैकड़ों भाई-बहन थे। सूडान की स्थिति ऐसी है कि बड़े-बड़े देशों ने भी अपने नागरिकों को वहां से निकालने से मना कर दिया था। बावजूद इसके हमने अपनी पूरी वायुसेना लगा दी, नौसेना को खड़ा कर दिया। हमने मां कावेरी के आशीर्वाद से ऑपरेशन कावेरी चलाया और अपने भारतीय भाई-बहनों को वापस लाए। ऐसे मुश्किल समय में कांग्रेस ने देश का साथ नहीं दिया। कांग्रेस ने जान बूझकर सूडान में फंसे भारतीयों को वहां उपद्रवियों के सामने एक्सपोज कर दिया। क्या यही है कांग्रेस की देश के नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता? कर्नाटक में भाजपा का सीधा मुकाबला जेडीएस और कांग्रेस से है। हालांकि जेडीएस पर टिप्पणी करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा - जेडीएस का हर कैंडिडेट कांग्रेस का ही कैंडिडेट है। उसको दिया हर वोट कर्नाटक में निवेश को रोकेगा। जबकि हमारा संकल्प कर्नाटक को नंबर-1 राज्य बनाने का है। कांग्रेस-जेडीएस का ट्रैक रिकॉर्ड है कि उनके शासन में सबसे ज्यादा लूट गांव के हक के पैसे की होती है।



### मुरैना में जमीन विवाद को लेकर छह लोगों की गोली मारकर हत्या

**मुरैना, 5 मई (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुरैना में जमीनी विवाद में छह लोगों की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर हैं। जानकारी के अनुसार जिले के सिंहोनिया थाना अंतर्गत लेपा गांव में शुक्रवार सुबह धीर सिंह ने हथियारों सहित गजेंद्र सिंह के घर पर पुरानी रंजिश को लेकर हमला किया था। दोनों परिवारों के बीच 2013 से घूरे पर कूड़ा डालने को लेकर विवाद चल रहा है। पुरानी रंजिश में धीर सिंह ने गजेंद्र सिंह के परिवार के छह लोगों को गोली मारी, जिनमें तीन महिला और तीन पुरुषों को गोली लगी। गोली लगने से तीन पुरुष और दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। फिलहाल दो गंभीर अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद गांव में तनाव के हालात हैं। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं, घायलों को पुलिस लाइन जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल भेजा है। विवाद के दौरान मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना का वीडियो भी बनाया है, जो कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# टिल्लू ताजपुरिया की हत्या का सीसीटीवी फुटेज कैदी मारते रहे, पुलिस खामोश देखती रही

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में 2 मई को गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के मर्डर का नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 9 पुलिसवालों के सामने ही कैदी ताजपुरिया पर नुकीले हथियार से हमला कर रहे हैं। शुरूआत में तो कुछ पुलिसकर्मियों ने कैदियों को रोका, लेकिन कुछ देर बाद पीछे हट गए। तिहाड़ के अफसरों ने बताया कि हत्या जितेंद्र गोगी गैंग के योगेश टुंडा, दीपक, राजेश और रियाज खान ने की। टिल्लू हाई सिक्योरिटी वार्ड में बंद था, जहां उस पर नुकीले हथियार से 100 से ज्यादा बार हमला किया गया। टिल्लू रोहिणी कोर्ट में 24 सितंबर 2021 को हुए शूटआउट मामले में आरोपी था। उसके गैंग के 2 लोगों ने जितेंद्र गोगी की कोर्ट में हत्या कर दी थी। वे वकील की पोशाक में कोर्ट आए थे। दोनों शूटर्स को पुलिस ने कोर्ट में ही मार गिराया था। 49 सेकेंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि खून से लथपथ टिल्लू को पुलिसवाले घसीटकर बैरक से बाहर लाते हैं। दूसरी सेल के अंदर से दीपक तीतर कुछ कहता हुआ दिख रहा है। जैसे ही टिल्लू को पुलिसवाले बाहर लाते हैं, वैसे ही लाल रंग की पैंट पहने दीपक तीतर बाहर निकलकर टिल्लू को लात से मारने लगता है। इस दौरान एक पुलिसवाला उसे बचाने की कोशिश करता है, लेकिन तीतर खून से लथपथ पड़े टिल्लू को नुकीला हथियार मारने लगता है। ताजपुरिया की हत्या से जुड़ा 2 मिनट 50 सेकेंड का एक वीडियो गुरुवार को सामने आया था। ताजपुरिया अपनी बैरक के अंदर जाता है। तभी पहले से घात लगाए बैठे हमलावर उसके कमरे की ओर दौड़ते हैं। इन सबसे अनजान टिल्लू कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उस पर नुकीले हथियार से हमले शुरू हो जाते हैं। वह दौड़कर एक हॉल में आता है, जहां उस पर 100 से ज्यादा बार हमला किया जाता है।

### टिल्लू हत्याकांड में सात तिहाड़ जेलकर्मी निलंबित

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड में जेल प्रशासन ने लापरवाही बरतने के आरोप में सात जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया है, जबकि तमिलनाडु पुलिस के नौ जवानों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वहां के कमांडेंट को पत्र लिखा है। इसके अलावा इन सभी नौ पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के तहत आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है। जेल अधिकारी ने बताया कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल संख्या आठ-नौ के दो सहायक अधीक्षक, एक हेड वार्डर व चार वार्डर की लापरवाही सामने आई है। जांच में सामने आया कि घटना के दौरान ये लोग वहां मौजूद नहीं थे। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच की जा रही है।

### स्मृति का सवाल- नमाज पढ़ने वाली मिसेज वाड्रा हनुमान मंदिर बनाने देंगी ?

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के इस वादे के एक दिन बाद कि कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में भगवान हनुमान के मंदिरों का निर्माण किया जाएगा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उनपर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शिवकुमार को पहले अपनी पार्टी के साथ अपने इस वादे पर विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान श्रीमती वाड्रा को अमेठी में नमाज अदा करते हुए देखा है। डीके शिवकुमार ने गुरुवार को मैसूर के अपने दौरे के दौरान वादा किया था कि यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे राज्य में और अधिक भगवान हनुमान मंदिरों का निर्माण करेंगे या मौजूदा मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। कांग्रेस के इस चुनावी वादे को घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात करने से हुए नुकसान के डैमेज कंट्रोल की तरह देखा जा रहा है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और बजरंग दल को एक जैसा संगठन माना है और कहा कि सत्ता में आने के बाद वह उसपर प्रतिबंध लगाएगी।

# जल्द होगा मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग का चौड़ीकरण : संजीव बालियान

### मंजूर सड़क का निर्माण जल्द हों, लोगों को यही आस

**चरथावल, 05 मई (बु.)।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान के प्रयास से मुजफ्फरनगर-थानाभवन चौड़ीकरण के प्रस्ताव की मंजूरी मिल चुकी है। क्षेत्रवासी चाहते है, इस सड़क का निर्माण जल्द हों और गांवों में सड़क किनारे अवैध कब्जे हटवाएं जाए। मुजफ्फरनगर-थानाभवन मुख्य मार्ग के दिन बहुरने की उम्मीद जगी है। इस मार्ग से तीन विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों का आवागमन रहता है। कई जगह सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। दधेड़ू खुर्द, कलां, बिरालसी और नगलां राई के पास, चरथावल कमला फार्म हाउस के सामने सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। 31 मार्च को शासन द्वारा केंद्रीय सड़क निधि से इस खस्ताहाल सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने मंजूरी दी है। 19.855 किलोमीटर मार्ग के लिए 51.47 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया और दो करोड़ अवमुक्त कर दिए गए है। आने वाले दिनों में इस सड़क को बडौत बुढाना मार्ग की तरह बनने से जाम के झंझअ से मुक्ति मिल जाएगी। वर्तमान में सड़क की चौडाई सात मीटर है। चौड़ीकरण में 10 मीटर बन जाएगी। चौड़ा बनेगा। किसानों की बुग्गियों, ट्रॉलियों और दुपहिया वाहन चालकों को राहत मिलेगी।





चरथावल किसान सेवा सहकारी समिति के सभापति चेयरमैन भूषण त्यागी मुजफ्फरनगर-थानाभवन मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण सपा सरकार में हुआ था, लेकिन एक दशक बीतने के बाद वाहनों का लोड़ बढ़ गया। मुजफ्फरनगर तक कई गांवों में खस्ताहाल सड़क लोगों की दिक्कतें बढ़ा रही थी। चरथावल के पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंघल का मानना है कि सड़क के बनने से जाम से मुक्ति मिलेगी और हादसों में कमी आएगी। विभाग को जल्द से जल्द इस मार्ग को बनवाना चाहिए। उनका गांव मुजफ्फरनगर से नजदीक है, लेकिन कई स्थान पर सड़क खस्ताहाल परेशान करती है। केमिस्ट संदीप कंसल का कहना है सड़क निर्माण के चौड़ीकरण की आस लोग अरसे से देख रहे है। शासन से मंजूरी मिल गई है। इससे व्यापार में वृद्धि होगी। यह मार्ग से निमार्णाधीन दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर ख्यावड़ी इंटरचेंज पर जोड़ेगा, जिससे दिल्ली जाने में आसानी होगी। कस्बे के भट्ठा कारोबारी मुकेश सिंघल ने बताया थानाभवन मार्ग पर चरथावल और बघरा ब्लॉक के कई दर्जन गांवों को जोड़ता है। सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग दशकों से चली आ रही है। मंत्री के सार्थक प्रयास से मार्ग के दिन बहुरनें की उम्मीद जगी है।

# तिहाड़ जेल से चल रहे दिल्ली के 10 गैंग

## गुर्गों से ऐप के जरिए बातचीत, वहीं से आती हैं धमकी

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसी)। टिल्लू गैंग के चीफ टिल्लू ताजपुरिया की योगेश टुंडा और दीपक तीतर नाम के बदमाशों ने नुकीले हथियारों से हत्या कर दी। दोनों टिल्लू के दुश्मन जितेंद्र गोगी के आदमी थे। इसका उउळश फुटेज भी सामने आया है। टिल्लू की हत्या जितेंद्र गोगी के ही मर्डर का बदला थी। जेल नंबर-3 में दो गैंग के बदमाशों में झगड़ा हुआ। इसमें एक गुट ने प्रिंस तेवतिया को चाकुओं से गोद डाला, अस्पताल में मौत। प्रिंस साउथ दिल्ली का गैंगस्टर था, उस पर 16 केस दर्ज थे। प्रिंस की गैंगस्टर रोहित चौधरी से दुश्मनी चल रही थी। बीते 20 दिनों में देश की सबसे हाई-प्रोफाइल जेल तिहाड़ में दो बार गैंगवार हुए और 2 बड़े गैंगस्टर मारे गए। इस जेल में 7,500 कैमरे लगे हैं, 5,500 की कैपेसिटी है, लेकिन 13 हजार कैदी बंद हैं। बीते 9 साल में जेल के अंदर गैंगवार में 9 कैदियों की मौत हो चुकी है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में 10 बड़े गैंग एक्टिव हैं, जो सिंडिकेट बनाकर काम कर रहे हैं। दो सिंडिकेट हैं और दोनों में 5-5 गैंग। दिल्ली पुलिस के रिकॉर्ड में भी ये गैंग इसी तरह दर्ज हैं। इनके लीडर जेल में हैं या विदेश में। वे गुर्गों से ऐप के जरिए बात करते हैं और टास्क देते हैं। यहीं से कारोबारियों और बिल्डर्स को धमकाकर करोड़ों की उगाही की जा रही है।

# 'परफ्यूम लगावे चुन्नी में': गाने पर चल रहा था डांस, शुरू हो गई मारपीट

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में 'परफ्यूम लगावे चुन्नी में...' गाने ने बवाल मचा दिया। हुआ कुछ ये कि शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस चल रहा था। उसी दौरान बराती और घरातियों में विवाद हो गया। मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस विवाद को देख दूल्हा भी वहां पहुंच गया। दूल्हे के वहां आते ही अन्य बरातियों ने उसे सुरक्षा देने के लिए गोद में उठा लिया और वहां से सुरक्षित स्थान की ओर दोड़ गए। इस पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जो अब वायरल हो रहा है। घटना सीओडी कालोनी शाहगंज के एक मैरिज होम की है। दुल्हन का परिवार शाहगंज का रहने वाला है, जबकि दूल्हा जगदीशपुरा क्षेत्र का बताया गया है। दावत चल रही थी। पहले तल पर बराती और घराती मौजूद थे। वहां डीजे पर दोनों पक्षों के लोग डांस कर रहे थे। इसी बीच डीजे पर 'परफ्यूम लगावे चुन्नी में...' गाने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद क्या था दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। झगड़ा होते देख दूल्हा बीच में आ गया। ये देख बरातियों के होश उड़ गए कि कहीं इस झगड़े में दूल्हे को चोट न लग जाए। इसलिए बरातियों ने घेरा बनाया और दूल्हे को गोद में लेकर सुरक्षित स्थान की और दोड़ गए। ये लोग झगड़ा करते हुए मैरिज होम से बाहर निकल सड़क पर आ गए। खाना खाते लोग वहां से भागने लगे। मारपीट में दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घटना का कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला थाने तक पहुंच गया है।